प्राकृत रचनोदय

डॉ० उदयचन्द्र जैन
विभागाध्यक्ष
जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग
मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय,
उदयपुर

न्यू भारतीय बुक कॉरपोरेशन
(दिल्ली) : : (भारत)

आपकी अपनी प्राकृत

हम सभी चिंतन करें कि हम क्या बोलते हैं कैसा व्यवहार करते हैं और किस मार्ग पर चलते है? तब सहज समाधान प्राप्त होगा कि हम अपनों के बीच जो अपनत्व लेकर व्यवहार आदि करते हैं वह आपसे जुड़ा हुआ है, आपके लिए ही है। जो आपको एवं दूसरे के स्वाभाविक वचन हैं वे हैं प्रकृति के सोपान। जिन्हें जन साधन स्वभावगत भाषा का नाम दिया जाता है।

प्रकृति एवं जन साधारण के वचन प्राकृत हैं। जो बोलचाल के साथ सह-अस्तित्व के सूत्रों में बांधते हैं। प्रकृति तो अपनी आपकी ही है। आपकी अपनी प्राकृत है जो लोक व्यवहार है जिस भाषा को हम बोलते हैं वे पूर्व में 'आर्ष' थे। आर्षवचन थे। 'आर्ष' अर्थात् ऋषिवचन। जो सहज सौन्दर्य के साथ प्रकृतिजनों के आधार बन गए।

प्रकृति तो प्राक्+कृत है प्राकृत है। वैदिक छान्दस् है और है सूत्रों के सूक्त। जो हमारे आदर्श हैं। जिन्हें हम पूजते हैं श्रद्धा के साथ स्मरण करते हैं। वे आर्ष पुरुष प्रथम जनहित के लिए जन-जन के मध्य गए, उनहें उनके ही स्वाभाविक वचन व्यवहार से समझाया, वे ही वचन, आर्षवचन आर्धमागधी, शौरसेनी आगम के सूत्र बन गए, वे बने तीन पिटारे त्रिपिटक।

अर्धमागधी शौरसेनी आगम के सूत्र महावीर वचन के नाम से विख्यात हुए। बुद्धवचन पालिभाषा की पहचान बनें वे बुद्धवचन त्रिपिटक कहे गए।

महावीर और बुद्ध जैसे आर्ष पुरुषों के वचन ढाई हजार वर्ष के पश्चात् भी उन्हीं की तरह अमर हैं। वे अमरत्व प्रदान कर रहे हैं। उनके अमृत का पान आचार्यों ने किया। साधु-साध्वियों ने किया। आज बीसवीं के पश्चात् इक्कीसवीं के प्रवेश में भी वे वचन जन-चेतना दे रहे हैं। मैं उनके चरणों में नत जो प्राकृत रचनोदय आपके सामन रख रहा हूँ, उससे सभी लाभान्वित होंगे।

मैं उपकृत हूँ, आचार्यों के आशीष से। उनकी प्रेरणा ने अक तक दस महाकाव्य

(प्राकृत) में प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्रदान किया। कुन्दकुन्द शब्दकोष, प्राकृत हिन्दी शब्द कोष दो भाग और ज्ञानसागर बृहद संस्कृत हिन्दी शब्द कोष तीन भाग प्रकाश में आए। भाई सुभाष, न्यू भारतीय बुक कारपोरेशन, दिल्ली से अत्यंत कठिन कार्य को अपने हाथों में लेकर पाठकों तक पहुँचाया। मैं आभारी हूँ, उनका, उनके परिवार का। मैं आभारी हूँ, डॉ० माया जैन (धर्म पत्नी) पिऊ एवं प्राची जैन (पुत्रियों) का। प्रो० कमलचंद्र सोगानी, प्रेमसुमन, डॉ० हुकमचंद्र जैन, प्रो० भागचंद्र नागपुर आदि का।

हमारी प्रेरक शक्ति बने आचार्य विद्यानंद जी।

डॉ० उदयचन्द्र जैन
पिऊ कुंज
अरविंदनगर, जैन स्थानक के पास
ग्लास फैक्टरी चौराहा,
उदयपुर (राज०)

अनुक्रमणिका

भूमिका

पाइय-भासा-विण्णाण

पाइयभासा सरूव-विगासो

भासाए विगासो

भासा भावाहिविंजणस्स साहणं अत्थि। वयण-ववहारो एव भासा अत्थि। भासा सहमईए असमहईए य परिचाइगा। उच्चरिअ झुणि-संकेयाए सहजोएणं जो भावाणं वियाराणं च पुण्ण-अहिवित्ती सा भासा।

वियार-विणिमयस्स झुणिसंकेयो भासा अत्थि। भासाए दुविहसंकेया-(१) झुणि-संकेयो(२) जादिच्छिग-संकेयो।

भासाइ सद्द-अत्थ पहाणत्तं होइ। तम्हा वक्ता सोयाणं दिट्ठिकोणं महत्तं पदाऊण भासाए पक्खा तिण्णि भासिआ (१) जणगयो, (२) सामाइयाय, (३) सामण्णो सव्ववावयो य।

भासा झुणि-अत्थ-संसग्गेण विणिम्मेइ। भासाविण्ण-जणेहिं णिम्मेइहासिय तच्चाणं णिद्दिट्ठा

(१) **दिव्वुप्पत्ति-सिद्धंतो**-देववाणी देवभासा।

(२) **संकेय-सिद्धंतो**-

(३) **रणण-सिद्धंतो**-आहाएण जा झुणी झणयसा-टणण-टण उप्पज्जए सो रणण-सिद्धंतो।

(४) **आवेय-सिद्धंतो**-सोग-हरिस-विम्हय-खोह-कोह-घिणाइ-मणो भावाणं सहयोप्पत्तीए जा झुणी पुह पुह

प्राकृत-भाषा विज्ञान

प्राकृत भाषा का स्वरूप एवं विकास

भाषा का विकास

भाषा भावाभिव्यञ्जन का साधन है। वचन व्यवहार ही भाषा है। भाषा सहमति और असहमति की परिचायिका है। उच्चरित ध्वनि संकेतों के सयोग से जो भावों और विचारों की पूर्ण अभिव्यक्ति है वह भाषा है।

विचार विनिमय के ध्वनि संकेत भाषा है। भाषा दुविध संकेत हैं-(१) ध्वनि संकेत और (२) यादृच्छिक संकेत।

भाषा में शब्द और अर्थ की प्रधानता होती है। इसलिए वक्ता और श्रोता के दृष्टिकोण को महत्त्व प्रदान करके भाषा के पक्ष तीन कहे गए-(१) जनगत, (२) सामाजिक और सामान्य-सर्वव्यापक।

भाषा ध्वनि और अर्थ के संयोग से बनती है। भाषा विज्ञ जनों के द्वारा निम्न ऐतिहासिक तथ्यों को निर्दिष्ट किया।

(१) **दिव्योत्पत्ति सिद्धान्त**-देववाणी देव भाषा।

(२) **संकेत-सिद्धान्त**-

(३) **रणन-सिद्धान्त**-आघात से जो ध्वनि, झनन, टनन टन उत्पन्न होती है, रणन सिद्धान्त है।

(४) **आवेग-सिद्धान्त**-शोक, हर्ष, विस्मय, क्षोभ, क्रोध, घृणा आदि के मनो-भावों की सहज उत्पत्ति से जो पुह-पुह

उप्पज्जए सो आवेय-सिद्धंतो।

(५) समज्झुणी सिद्धंतो।
(६) अणुकरण-सिद्धंतो।
(७) ईंगिय-सिद्धंतो।
(८) समणवय-सिद्धंतो।

भासाए उप्पत्ती समाजाओ हवइ ताए विगासो वि समायम्मि हवइ। तम्हा भासा समायस्स, समायस्स, समायस्स समाएणं च विणिम्मिय। भासा-प्पवाह-अविच्छिण्णं ताए धारा वि अविच्छिण्णं। भासाए गइसीलए समाए अणाइ कालम्मि विज्जए

भासा सव्व-विवावगो। जण-जणस्स संबंधो ववहारो य भासाए विणा णत्थि। वक्कपदीए उत्तो-

न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते।

अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते॥

जइया जणा तइया भासा। सिक्खा-सक्कइ-ववसाय-वायावरण पज्जावरणाईणं ठिई जणाणं ववहारेण एव विणिम्मेइ। वाणी-भासा-अहिभासाए ठिई वि जणाओ समायम्मि, समायाओ विउल-जण-समुदायम्मि वत्ताए भेएणं भासाए विविह-रूवाणि भवंति। तं जहा--

(१) **परिणिट्ठियभासा**-जस्स पजोगा सिक्खाए सासणस्स तह साहिच्चस्स हवइ।

(२) **विभासा**-विविह-बोली इमाओ भोगोलिय-ठाणीय-कारणेहिं वियसंति।

ध्वनि उत्पन्न होती हैं वह आवेग-सिद्धान्त है।

(५) श्रमध्वनि सिद्धान्त।
(६) अनुकरण सिद्धान्त।
(७) इंगित-सिद्धान्त।
(८) समन्वय-सिद्धान्त।

भाषा की उत्पत्ति समाज से होती है। उसका विकास भी समाज में होता है। इसलिए भाषा समाज की, समाज के लिए और समाज के द्वारा विनिर्मित है। भाषा का प्रवाह अविच्छिन्न है, उसकी धारा भी अविच्छिन्न है। भाषा की गतिशीलता समाज में अनादि काल से विद्यमान हैं।

भाषा सर्वव्यापक है। जन-जन का सम्बन्ध और व्यवहार भाषा के बिना नहीं है। वाक्य प्रदीप में कहा है--

"न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके, यः शब्दानुगमावृते।

अनुविद्धमिव ज्ञानं, सर्वं शब्देन भासते॥

जितने लोग, उतनी भाषाएं। शिक्षा, संस्कृति, व्यवसाय, वातावरण एवं पर्यावरण आदि की स्थिति लोगों के व्यवहार से ही बनती है। वाणी, भाषा, और अधिभाषा की स्थिति जब से समाज में, समाज से विपुल/विशाल जन समुदाय में वक्ता में भेद से भाषा के अनेक रूप हो जाते हैं। जैसेकि--

(१) **परिनिष्ठित-भाषा**-जिसका प्रयोग, शिक्षा, शासन और साहित्य के लिए होता है।

(२) **विभाषा**-विविध बोलियां-भौगोलिक एवं स्थानीय कारणों से विकसित होती हैं।

(३) **अवभासा**-लोय-मज्जाया-विहीण-भासा।

(४) **विसिट्ठ-भासा**-ववसायस्स ववहारजण्ण-भासा।

(५) **मणोरंजण-पहाण-भासा।**

(६) **कित्तिम-भासा।**

(७) **मिस्सिअ-भासा।**

परोप्पर-संपक्क-सुहलऐण कारणेण भासा जस्सिं रूवेणं पहावेइ सो वि भासाए सहायगो अत्थि। सा वि तं जहा:-

(१) **पाइइयो**-जह जह सीमाए वित्थारो हवइ तह तह भासा एवखेत्ताआ अण्णाणं खेत्ताणं पहावेइ।

(२) **सामाइयो**-परोप्पर-आदाण-पयाणाउ वि एगभासा-भासी-णिय-भासं परिचत्तेऊण जस्सिं पएसे सा वसइ तस्स पएसस्स सामाइग-परिवेसस्स भासाए परिभासेइ। जह मरहट्ठभासी बहु कण्णड-पएसस्स सामाइग-परिवेसे णिवसंती कण्णड-भासं वि परिभासेइ। ताए एव सा परिवारजणेहिं ववहारेइ।

(३) **धम्मिग-वाथावरणं**-धम्मिग-पयार-पसार-संपक्कभासाए मज्झिमेणं वि हवइ। महावीरस्स या बुद्धस्स पाइयो, संकराइरियस्स धम्मपयारस्स भासा सक्कयो आसी। सुदूर दाहिणाओ पच्छिमम्मि हिन्दी अज्ज एगमेत्तभासा अत्थि जा विभिण्ण धम्मिगपयारस्स भासा अत्थि।

(४) **साहिच्चियगो**-भासा साहिच्च-सिजणेण वि गोरवसाली हवइ।

(३) **अपभाषा**-लोक मर्यादा विहीन भाषा।

(४) **विशिष्ठ-भाषा**-व्यवसाय की व्यवहार जन्य भाषा।

(५) **मनोरञ्जन प्रधान भाषा।**

(६) **कृत्रिमभाषा**

(७) **मिश्रित भाषा**

परस्पर सम्पर्क ही सुलभता के कारण से भासा जिस रूप से प्रभावित होती है वह भी भाषा में सहायक है। वह भी जैसे :-

(१) **प्राकृतिक**-जैसे-जैसे सीमा का विस्तार होता है, वैसे-वैसे भाषा एक क्षेत्र से अन्य क्षेत्रों को प्रभावित करती जाती है।

(२) **सामाजिक**-परस्पर के आदान-प्रदान से भी एक भाषा-भाषी अपनी भाषा को छोड़कर जिस प्रदेश में वह रहने लगता है वह प्रदेश सामाजिक परिवेश की भाषा को बोलने लगता है। जैसे महाराष्ट्र भाषी बहू कन्नड़ प्रदेश के सामाजिक परिवेश में रहती हुई। कन्नड भासा को बोलने लगती है उसमें ही वह परिजनों के साथ व्यवहार करने लगती है।

(३) **धार्मिक वातावरण**-धार्मिक प्रचार एवं प्रसार सम्पर्क भाषा के माध्यम से भी होता है। महावीर या बुद्ध की प्राकृत, शंकराचार्य की धर्म प्रचार की भाषा संस्कृत थी। सुदूर दक्षिण से पश्चिम में हिन्दी आज एकमात्र एक भाषा है, जो विभिन्न धार्मिक प्रचार की भाषा है।

(४) **साहित्यिक**-भाषा साहित्य सृजन से भी गौरवशाली होती है।

(५) **रायणइइगो**-हिंदिं रट्ठिय-भासा केंद्द-सासणस्स उग्घोसइ। तेण घोसणेण अज्ज सा हिन्दी अम्हाणं रट्ठ-भासा अत्थि।

इमं वदिरित्तो सेणिग-सिक्खिग-अत्थिग-विण्णाणिग-कारणाणि वि अत्थि।

माणव-जम्मेण सह भासाए वित्थारो विगासो वि अवस्समेव भूओ। भासाए बहुपरिवारा अत्थि, तेसुं परिवारेसु भारोवीय परिवाराहि पाइय-भासाए संबंधो अत्थि। भासाए (१) ईराणी, (२) दरद्दे, (३) अज्जपरिवारो इमेसुं तिपरिवारेसु अज्जपरिवारेण, पाइय-भासा संबंधो अत्थि।

भरहिज्ज-अज्ज-भासा-परिवारस्स तिभागा अत्थि-

(१) **पुरा-भरहिज्ज-अज्ज-भासा परिवारो।** (१६०० ई० पू०-६०० ई० पू०)

(२) **मज्झ-कालीण-अज्जभासा-कालो** (६०० ई० पू० १००० ई०)।

(३) **वत्तमाण-अज्ज-भासाकालो** (ई० १००० वत्तमाण-पेरतं)

भासा-परिवट्ठण-भासोप्पत्ती विगासो य पुराकालाहि एव हवइ। सद्द-झुणि-वक्क-अत्थ-कारणेण परिवट्टणं हवइ। जम्हा पाइय-भासाए वि विविह परिवट्टणं संजादं।

पुरा अज्जभासा-पुव्वे जओ भासाणं साहिच्चा ण विरचिया। तओ जा वि भासा जणा साहारणेसुं पचलिया तेस्सिं महत्तो वि अत्थि। किण्णु पाईण-अज्ज- भासाए सरूवरिगवेयस्स रियासुं सुरक्खियो। वेया अज्जाणं पमुह-गंथा अत्थि। जेसिं पाईणत्तणे कस्स वि किंचि संदेहो णत्थि जणभासाए

(५) **राजनैतिक**-हिन्दी को राष्ट्रीय भाषा केन्द्र शासन के घोषित की गई। उस घोषणा से आज वह हिन्दी हम लोगों की राष्ट्र भाषा है।

इसके अतिरिक्त सैनिक, शैक्षिक, आर्थिक और वैज्ञानिक कारण भी हैं।

मानव जन्म के साथ भाषा का विस्तार एवं विकास अवश्य ही हुआ। भाषा के बहुत से परिवार है उन परिवारों में भारोपीय परिवार प्राकृत भाषा का सम्बन्ध है। भासा के (१) ईरानी, (२) दरद और, (३) आर्य परिवार, इन तीनों परिवारों में आर्य परिवार से प्राकृत भाषा का सम्बन्ध है।

भारतीय आर्य भाषा परिवार के तीन भाग हैं-

१. प्राचीन भारतीय आर्यभाषा परिवार (१६०० ई० पू० ६०० ई० पू०)।

२. मध्यकालीन आर्यभाषाकाल (६०० ई० पू० १००० ई०)।

३. वर्तमान आर्य भाषाकाल (ई० १००० से वर्तमान तक)

भाषा-परिवर्तन भाषा की उत्पत्ति और विकास प्राचीन समय से हरि हो रहा है। शब्द, ध्वनि, वाक्य और अर्थ के कारण से परिवर्तन होता है। जिससे प्राकृत भाषा में भी विविध परिवर्तन हो गए।

प्राचीन आर्य भाषा-पूर्व में जब भाषाओं के साहित्य नहीं लिखे गए तब जो भी भाषाएं जन-साधारणों में प्रचलित हुईं उनका महत्व भी है। किन्तु प्राचीन आर्य भाषा का स्वरूप ऋग्वेद् की ऋचाओं में सुरक्षित है। वेद आर्यों के प्रमुख ग्रन्थ हैं जिनकी प्राचीनता में किसी के लिए भी

पच्छा छंदसो पाइयो य भासाओ अइपुरा अत्थि। वेय-गंथेसुं लोगभासाए विसेसत्तं जा वि पत्तेत ता सव्वा भासाए पुरत्तणं सिद्धंति।

वेदिगयुगो अज्जभासाए पुराजुगो अत्थि। वेदिग-भासा एव पुरा अज्जं भासा अत्थि। वेदिगभासाए जा वि विभासिग-पउत्तीओ ता सव्वा लोग भासाए परिचायगा अत्थि। वेदिगभासाए अज्झयएण लोगभासा जणभासा-जणसाहारण-भासा-लोयप-चलियभासा-जणववहार-भासाए विय णाणं हवइ। जणभासाए परिक्किय रूपो छंदस-पच्चा य।

वेदिग भासाए वदिरित्तो वि वदिग सक्कयो जण-भासाए रूवाणि अत्थि। रिगवेदस्स अवेक्खा अथव्वेए जणभासाए बहु-रूवाणि पत्तेंति। जाणि पाइयस्स बहु-विभासाए बीजाणि विज्जंते।

रिगवेयस्स भासा पुरोहियाणं रायाणं भासा अत्थि। किण्णु अथव्वेयस्स भासं ववहारम्म भासा जणभासा तम्हा वुत्ता इमस्सिं लोय-पचलिय-जण-ववहारस्स सद्दाणं सभावेसो जाओ। वेयविण्णजणा वट्टमाण- भासा-विण्णजणा य अंगीकरोंति जं वेयाणं भासा तक्कालम्मि पयलिय-लोग भासाहिं संजुत्ता। भासाविण्ण-जणाणं अहिप्पायो वेदिग-भासा वा पाइय-भासाओ य एगाओ मूलसोयाओ संबंधेइ। जा तस्स समयस्स जणभासा वट्टेहिइ।

किसी तरह का संदेह नहीं। जन भाषा, प्राच्या, छान्दस् या प्राकृत भाषाएं अति प्राचीन हैं। वेद ग्रन्थों में लोक भाषा की विशेषता जो भी प्राप्त होती हैं वे भी भाषा की पुरातनता को सिद्ध करती हैं।

वैदिक युग आर्य भाषा का प्राचीन युग है। वैदिक भाषा ही प्राचीन आर्य भाषा है। वैदिक भाषा में जितनी भी वैभाषिक प्रवृत्तियां हैं वे सभी लोक भाषा की परिचायक हैं। वैदिक भाषा के अध्ययन से लोकभाषा, जनभाषा, जन साधारण की भाषा, लोक प्रचलित भाषा या जन-व्यवहार की भाषा का भी ज्ञान होता है। जन-भाषा का परिष्कृत रूप छान्दस् या प्राच्या है।

वैदिक भाषा के अतिरिक्त भी वैदिक संस्कृत में जन भाषा के रूप हैं। ऋग्वेद् की अपेक्षा अथर्ववेद में जनभाषा के अनेक रूप प्राप्त हैं। जो प्राकृत की प्राचीनता को सिद्ध करने हैं।

छान्दस और वैदिक संस्कृत में कई विभाषाओं के बीज विद्यमान हैं। ऋग्वेद की भाषा पुरोहितो और राजाओं की भाषा है। किन्तु अथर्ववेद की भाषा को व्यवहार की भाषा जनभासा इसलिए कहा गया कि इसमें लोक प्रचलित एवं जन-व्यवहार के शब्दों का समावेश हो गया। वेदविज्ञजन और आधुनिक भाषा विज्ञजन स्वीकार करते हैं कि वेदों की भाषा उस समय में प्रचलित लोक भाषाओं से संयुक्त हैं। भाषाविज्ञ जनो का अभिप्राय है, वैदिक भाषा और प्राकृत भाषाएं एक मूल स्रोत से सम्बन्ध रखती है। जो उस समय ही जनभाषा रही होगी।

पुरा विभासा–

(१) अहिच्चो (उत्तरिज्ज विभासा)

(२) मज्झदेसिज्ज-विभासा।

(३) पच्च-पुव्वी-विभासा।

इमाओ उदिच्च-विसाउ छंदस भासा विगासिआ, जहिं वेदिग-साहिच्चस्स संरयणा जाआ। पच्चा-पुव्वी-विभासाउ पाइयाणं विगासो जाओ। सक्कइग-दिट्ठिणा वेयाणं संरयणा उदिच्च-पएसम्मि पंजाब पएसम्मि जाआ। वेदिगभासाए उदिज्ज-विभासाए अहियपहावो अत्थि। पाइय-भासाणं पुव्वी-पएसेसुं अहिय पहावो जाओ। दुण्णे वि विभासाओ सम-सामइग भवमाणेणं अण्णुण्णं परोप्परे पहाविआ गुणेंति।

वेदिग-पाइय-भासाए अणेग-सरिसा अत्थि।

(१) एगवयणं बहुवयणं च।

(२) सीमिय-लयार-पजोगा।

(३) हिस्सझुणीए दिग्धीकरणं।

(४) नस्स ण

(५) किरियाए एगरूवत्तं चर (प्रा० सं०)

(६) किदंतेसुं एगरूवत्तं राजंत जयंत

(७) पयडीसंधी बहुले उये (यजु० ११/३०/१) रयणी अरो (प्रा०)।

(८) अव्वय-सरिच्छा

हि (ऋ १, ६, ७), हि (प्रा०)

नहि (अथर्व १, २१, ३) नहिं (प्रा०)

नमो (अ० शु०, १) नमो (प्रा०)

कया (साम० १६८) कया (प्रा०)

अण्ण-बहु-विसेसत्तणाओ पाइय-वेदिग-भासाणं संबंधो अत्थि।

प्राचीन विभाषाएं–

१. उदीच्य (उत्तरीय विभाषा)

२. मध्यदेशीय विभाषा।

३. प्राच्य एवं पूर्वी विभाषा।

इनमें से उदीच्य विभाषा से छान्दस् भाषा विकसित हुई, जिसमें वैदिक साहित्य की संरचना हुई। प्राच्या एवं पूर्वी विभाषा से प्राकृतों का विकास हुआ। सांस्कृतिक दृष्टि से वेदों की संरचना उदीच्य प्रदेश/पंजाब प्रदेश में हुई। वैदिक भाषा पर उदीच्य विभाषा का अधिक प्रभाव है। प्राकृत भाषाओं का पूर्वी प्रदेशों में अधिक प्रभाव हुआ। दोनों ही विभायार्थ समकालीन होने से एक दूसरे को परस्पर में प्रभावित करती रही हैं।

वैदिक एवं प्राकृत भाषा में बहुत सी समानताएं हैं।

१. एकवचन और बहुवचन।

२. सीमित लकार प्रयोग।

३. ह्रस्व ध्वनियों का दीर्घीकरण।

४. न का ण

५. क्रियाओं में एक रूप-चर (प्रा०) चर (सं०)

६. कृदन्तों में एक रूपता। राजंत जयंत।

७. प्रकृति सन्धि-बहुले उये (य०११/३०) रयणी अरो (प्रा०)

८. अव्ययों की समानता-

हि (ऋ १, ६, ७,) हि (प्रा०)

नही (अथर्व० १, २१, ३) नहि (प्रा०)

नमो (अ० शु १) नमो (प्रा०)

कया (साम० १६८) कया (प्रा०)

अन्य कई विशेषताओं से प्राकृत और वैदिक भाषाओं का सम्बन्ध है।

वेदिग-भासं पच्छा पाणिणी-महाभाएण सव्व-भासाणं सक्कारत्थं अट्ठज्झायीए रयणा किआ। वेदिग-पक्कियाए सो विहाणं ण करिऊणं वियप्पियपजोगाणं उल्लेहमेत्तं किअं। उवणिसय-महाभरह-रामायण-कव्वेसुं लोयभासाए तत्ताणि अत्थि।

महाभारय-रामायणाई कव्वाणं पच्छा पाइय-पाली-भासा लोए साहिच्चे य पजुत्ता-जाआ जस्स केंदविंदु-आगम-तिविडग-पाइय-सिलालेहाई अत्थि। अओ वेदिग-जुगाओ महावीर-बुद्ध-पेरंतं पाइयभासाए विगासो जाओ। तं पच्छा विविह-कव्वकलाए जम्मो जाओ।

विगासस्स दिट्ठिणा दो भासाओ पाइय-सक्कसा सहोयरा अत्थि। दोण्हं विगासस्सोयो एगो एव पच्छत्त-एलफेड-बुल्लर-महाभागा पी० डी गुणे महाभायो आई विण्णा पाइय-भासाए एग मया।

कत्थ-साहिच्चा भासाए मण्णंते। कत्थ-भासा-सव्वया परिवट्टणसीला पवाहसीला णईवेगसमा व हवइ। साहिच्च-भासा वागरणे णिबद्धा सरोवर-समा अत्थि। कत्थभासा एव विगासक्कमेण अग्गे गच्छिऊण पाइयो साहिच्चस्स विसाल-सामिद्ध-सरूवं पत्तेऊण णियपुरत्तणं सुरक्खिए समत्था भूआ।

पाइय-विउप्पत्ती-

पाइय-पमुह-भासाविण्णाणियाणं एग-वियारधारा अत्थि पाइयो सक्कयाओ

वैदिक भाषा के पश्चात् पाणिनि महाभाग में सभी भाषाओं के संस्कार के लिए अष्टाध्यायी की रचना की। वैदिक प्रक्रिया का उन्होंने कहकर वैकल्पिक प्रयोगों का उल्लेख मात्र किया। उपनिषद्, महाभारत, रामायण और ब्राह्मण काव्यों में लोक भाषा के लेख हैं।

महाभारत, रामायण आदि काव्यों के बाद प्राकृत एवं पाली भाषा लोक और साहित्य में प्रयुक्त हुईं। जिसके केन्द्र-बिन्दु आगम, त्रिपिटक एवं प्राकृत शिलालेख आदि हैं। अत: वैदिक युग से महावीर एवं बुद्ध पर्यन्त प्राकृत भाषा का विकास हुआ। इसके अनन्तर विविध काव्य कला का जन्म हुआ।

विकास की दृष्टि से दोनों ही भाषाएं प्राकृत और संस्कृत सहोदरा हैं। दोनों के विकास का स्रोत एक ही है। पाश्चात्य डॉ० एल्फ्रेड, डॉ० बुल्वर महाभाग और पी० डी० गुणे महाभाग आदि विद्वान् प्राकृत भाषा के एक हैं।

कथ्य और साहित्य ये दो रूप भाषा के माने जाते हैं। कथ्य भाषा सर्वदा परिवर्तनशील, नदीवेग की तरह प्रवाहशील होती है। साहित्य भाषा व्याकरण में निबद्ध सरोवर के समान है। कथ्य-भाषा ही विकासक्रम से आगे चलकर प्राकृत साहित्य के विशाल और समृद्ध स्वरूप को प्राप्त होकर अपनी प्राचीनता को सुरक्षित रखने में समर्थ हुई।

प्राकृत व्युत्पत्ति-

प्राकृत के प्रमुख भाषा वैज्ञानिकों की एक विचारधारा है कि प्राकृत संस्कृत

समभूओ। इमाए पयडी सक्कयो अत्थि।

प्रकृति संस्कृतम् १२/२ वररूचि

प्रकृतेः संस्कृताद् आगतं प्राकृतम्। (वाग्भट्टालंकार २/२)

प्राकृतेति 'सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचन व्यापारः प्रकृतिः तत्र भवं सैव वा प्राकृतम् रूद्रटकाव्यालंकार)।

रूद्रट-महाभागस्स एस वयण-ववहार -समीचीणं एव ण जायए अवि तु सव्वमण्णं अत्थि।

प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतिमुच्येत। (मार्कण्डेय-प्राकृत सर्वस्वम्) प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं नत आगतं वा प्राकृतम् १/१ हेमचन्द्र हेमशब्दानुशासन)

प्रकृतेः संस्कृतात्, साध्यमानात्सि*द्धाश्च यद्भवेत्।

प्राकृतस्यास्य लक्ष्यानुरोधि लक्ष्य प्रचक्ष्यमहे।।

(त्रिविक्रम प्राकृतशब्दानुशासन-श्लोक० ८) प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतम् (प्राकृत चँद्रिका)

प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृतो मता। (लक्ष्मीधर-षडभाषाचन्द्रिका)

प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः। (प्राकृत संजीवनी-वसंतराज)

पाइयकप्परूयारो रामसरमा मउणं जायए। पाइय-वागरणस्स वइरित्तो कव्व-लंकार-गंथेसुं पाइयस्स पयडी-सक्कयो मण्णियो। दसरूवग-रूद्दड-कप्पूरमंजरी-टीयारो वासुदेवो सिंहदेवगणी-णरसिंहणा-रायण-संकराइ-महाभाया उत्तेव मण्णंते। संखतत्तकोमुईए "मूल प्रकृतिरविकृतिः"

से उत्पन्न हुई। इसकी प्रकृति संस्कृत है।

प्रकृतिः संस्कृतम्। १२/२ वररुचि

प्रकृते संस्कृताद् आगतं प्राकृतम्। (वाग्भट्टलंकार २/२)

'प्राकृतेति' सकल-जगज्जन्तूना व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचन- व्यापारः प्रकृति तत्र भवं सैव वा प्राकृतम्' (रूद्रट-काव्यालंकार)

रूद्रट महाभाग का यह वचन व्यवहार समीचीन ही नहीं है, अपितु सर्वमान्य भी है।

प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते। (मार्कण्डेय-प्राकृत-सर्वस्वम्) प्रकृति, संस्कृतं तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम् १/१ हेमचंद-हेमशब्दानुशासन)

प्रकृतेः संस्कृतात्-साध्यमानात्सिद्धाश्च यद्भवेत्।

प्राकृतस्यास्य लक्ष्यानुरोधि लक्ष्य प्रचक्ष्यमहे।।

(त्रिविक्रम-प्राकृत शब्दानुशासन) प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतम्। (प्राकृतचंद्रिका)

प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृतो मता। (लक्ष्मीधर-षड्भाषाचंद्रिका)

प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः। (प्राकृत-संजीवनी-वसंतराज)

प्राकृतकल्पतरूकार रामशर्मा मौन हैं। प्राकृत व्याकरण के अतिरिक्त काव्या-लंकार ग्रन्थों में प्राकृत की प्रकृति संस्कृत मानी गई। दशरूपक, रूद्रट, कर्पूर- मंजरी के टीकाकार वासुदेव, सिंहदेवगणि, नरसिंह, नारायण, शंकर, आदि महाभाग उक्त ही मानते हैं। सांख्यतत्त्व कौमुदी में-मूलप्रकृति-

पयडी-मूल-रूवेण अवियार-जण्णा।

रवि कृतिः" प्रकृति मूल रूप से अविकार जन्य है।

"प्रक्रियते यया सा प्रकृति" जेण मूलतत्ताणं सद्दाणं सक्कय मूल-आहारा।

'प्रक्रियते यया सा प्रकृतिः' जिससे मूल तत्त्वों की उत्पत्ति होती है अथवा प्राकृत शब्दों के लिए संस्कृत मूल आधार है।

पयडी सक्कयो, सक्कयाओ आगयो भासा पाइयो। जो ण सम्मो।

प्रकृति संस्कृत है, संस्कृत से आई हुई भाषा प्राकृत है। जो सम्यक् नहीं है।

पाइय-भासाए उप्पत्ती सक्कयायो ण जाआ अवितु सक्कय-सद्दाणं आहारं णेऊणं पाइय-सद्दाणं विणम्मेति। सक्कय-सद्दाणं मूले ठविऊण पाइय-भास-भासं सिक्खेयव्वं।

प्राकृत भाषा की उत्पत्ति संस्कृत से नहीं हुई, अपितु संस्कृत शब्दों का आधार लेकर प्राकृत शब्दों का निर्माण कर सकते हैं। संस्कृत शब्दों को मूल में रखकर प्राकृत-भाषा को सीखना चाहिए।

पाइय-सक्कय-भासा सहोयरा अत्थि। पाअ+इओ पएण पाइयो। पुव्वकयो पाअ+इओ सद्दस्स अत्थो। जणाणं वागरणाइ-सक्कार-रहिय-सहय-वयण-ववहारो पयडी, तेण जाओ सो एव पाइयो।

प्राकृत और संस्कृत भाषा सहोदरा हैं। प्राक्+कृत् पद से प्राकृत है। प्राक+कृत् शब्द का अर्थ है पूर्वकृत्। लोगों के व्याकरण आदि संस्कार रहित सहज/स्वाभाविक वचन व्यवहार/व्यापार प्रकृति है, उससे उत्पन्न जो है वह प्राकृत है।

एस साहाविग-सुबोह-गम्मो सयल-भासाण मूल उग्गमथली। वागवइ-राएण वुत्तो-

सयलाओ इमं वाया

विसंति एत्तो य णेंति वायाओ। एंति समुद्रं चिय णेंति

सायराओ च्चिय जलाई।।

यह स्वाभाविक सुबोध गम्य और सकल भाषाओं की मूल उद्‌गम स्थली है-वाक्पतिराज ने कहा-

सयलाओ इमं वाया

विसंति एत्तो य णेंति वायाओ। एंति समुद्दं चिय णेंति

सायराओ च्चिय जलाइं।।९३।।

जह जलं समुद्दे पवसइ, समुद्दाओ तमेव वप्फरूवाओ बहिणिस्सइइ तहेव पाइय-भासाए सव्वभासाओ पविसंति पाइय-भासाहिंतो एव अण्ण-भासाओ णिस्सरंति। पाइय-भासाए विगासो पयडी जण्णो, साहाविग-रूवाओ जाओ।

जिस तरह जल समुद्र में प्रवेश करता है, समुद्र से वही वाष्प रूप से बाहर निकलता है उसी तरह प्राकृत भासा में सभी भाषाएं से ही अन्य भाषाएं निकलती हैं। प्राकृत भाषा का विकास प्रकृतिजन्य है; स्वाभाविक रूप से हुआ है।

बुल्लरो पाइयं जणसाहरणस्स भासा मण्णए। पिसल-महाभागो वि जण-भासं पाइयं मण्णए। णेमिचंदो वि एस मण्णए।

अओ जा भासा पयडीइ सहावेणं सयमेव सिद्धंतं पाइयं

पयडीणं सहाविग-साहारण-जणाणं जा भासा सो पाइयो। जण-सामण्ण- जण-पयलिय-जण-साहारण-जण-बोली-पाइयो। जा पाइय-भासा काल-भेएण खेत्त भेएण वा अणेयविहा जाआ। साहिच्चेवि सा अणेय-विहा पत्ता।

पाइयस्स विभागो–

(१) आईजुगो, (२) मज्झजुगो, (३) आहुणियजुगो वा अवभंसकालो।

आईजुगोः- [ई० पू० ६वीं सईओ ईसवी वीअ-सई-पेरंतं] इमस्स जुगस्स पाइयस्स पहुह-पण-भेया अत्थि। जायय-कहा-साहित्ताणं भासा वि अस्स जुगस्स अंतरगए मण्णए। आईजुगस्स/पढम-जुगिज्ज-पाइएसु, (१) आरिस-पाइयो, (२) सिलालेही-पाइयो, (३) धम्मपय-पाइययो, (४) णिया पाइयो, (५) अस्सघोसस्स णाडयाणं पाइयोय।

डॉ० णेमिचंदेण णिया पाइयस्स ठाणे पुरा जेणसुत्ताणं पाइयं मण्णियो।

उत्त-पाइय-भासाणं संक्खित्त-परिचयो--

आरिस-पाइयो–

आइरिय हेमचंदेण ('आर्षम्' १/४) आरिस-पाइयं रिसि-भासियो वुत्तो। महावीरस्स बुद्धस्स य पच्छा आरिस-

बुल्नर प्राकृत को जन-साधारण की भाषा मानते हैं। पिशल महाभाग भी जनता की भाषा को प्राकृत मानते हैं, नेमिचंद भी यही मानते हैं।

अतः जो भाषा प्रकृति से स्वभाव से स्वयं ही सिद्ध/प्रसिद्ध है, उसे प्राकृत कहते हैं। अथवा जो प्रकृति स्वाभाविक साधारण जनों की भासा है वह प्राकृत है। जन-सामान्य जन प्रचलित, जन साधारण की लोक बोली प्राकृत है। जो प्राकृत भाषा काल भेद और क्षेत्र भेद से अनेक प्रकार की हो गई। साहित्य में भी वह अनेक रूपों को प्राप्त हुई।

प्राकृत का विभाग–

(१) आदियुग, (२) मध्ययुग और, (३) आधुनिक युग या अपभ्रंशकाल।

आदियुगः-[ई० पू० ६वीं सदी से ईस्वी के द्वितीय शताब्दी तक] इस युग की प्राकृत के प्रमुख पांच भेद हैं। जातक कथा साहित्य की भाषा भी इसी युग के अन्तर्गत मानी गई है। आदियुग/प्रथमयुगीन प्राकृतों में (१) आर्ष प्राकृत, (२) शिला-लेखी प्राकृत, (३) धम्मपद की प्राकृत, (४) निया प्राकृत और (५) अश्वघोष के नाटकों की प्राकृत। डॉ० नेमिचन्द ने निया प्राकृत के स्थान पर प्राचीन जैन सूत्रों की प्राकृति को माना।

उक्त प्राकृत भाषाओं का संक्षिप्त परिचय–

१. आर्ष प्राकृत–

आचार्य हेमचन्द्र ने (आर्षम् १/४) आर्ष प्राकृत को ऋषि-भाषित कहा है। महावीर और बुद्ध के पश्चात् आर्ष पुरुषों,

पुरिसाणं महापुरिम्माणं रिसि-गणाणं च जा भासा अत्थि सा भासा आरिस-भासा। महावीरस्स बुद्धस्स वयणाणं आरिस-वयणं वि वुच्चए। जं तेहिं जण-भासं आसेऊणं लोय- कल्लाणस्स उवएसा दिण्णा। जेणं परिणामेणं अत्थं तेहिं सिस्सेहिं सुत्त-बद्धा कआ। आइरिएहिं महापुरिसेहिं कव्व- सिजणं काऊण आरिसभासाए विगासम्मि मह-जोगदाणं दिण्णं।

आरिस-वयणं भासा-विण्ण-जणेहिं आरिस-पाइयो पण्णत्ता महावीरस्स बुद्धस्स च वयणं जो जण भासाए अलंकिअं। मूलओ आरिस-पाइय-तिविहा। १. सोरसेणी, २. अद्धमागही तहा, ३. पाली।

१. सौरसेणी पाइयो:–सोरसेणी-पाइयं आरिसो वुत्तो। महावीरस्स वयणं अद्धमागहीए सोरसेणी-पाइयम्मि भासाविण्ण-जणेहिं इमं पाइयं अइपुरा मण्णिआ। सव्वपढमो इमं पाइयं भरयमुणिणा णट्टसत्थे उल्लेहो कओ। पाईण-उस खंडागमाइ-गंथेसु अस्स पाइयस्स पओगो जाओ। असोगस्स आहिलेहेसुं वि अस्स पाइयस्स पओगो पत्तेइ। णाडगेसुं अस्स पाइयस्स बहुलत्तणं। दिगंबराणं सिद्धंत-कम्म-गंथाणं आईणं भासा, सोरसेणी पाइयो।

वाराणसीए पुव्वे अद्धमागही भासाए पयारो अहेसि। पच्छिम-भागम्मि सोरसेणी। पाइयस्स बहुलत्तणं। सा भासा वजमंडलस्स

महापुरुषों और ऋषिगणों की जो भाषा थी, वह भाष आर्ष भाषा है। महावीर और बुद्ध के वचनों को आर्ष वचन भी कहा जाता है क्योंकि उनके द्वारा जन-भाषा को आश्रय लेकर लोक कल्याण का उपदेश दिए गए। जिसके फलस्वरूप अर्थ को उनके शिष्यों के द्वारा सूत्रबद्ध किया गया। आचार्यों महापुरुषों और काव्य-साहित्य में प्रवीण जनों के द्वारा काव्य-सृजन करके आर्ष भाषा के विकास में बड़ा योगदान दिया।

आर्ष वचन को भाषा वैज्ञानिकों ने आर्ष प्राकृत कहा है। महावीर और बुद्ध के वचन जो जनभाषा से अलंकृत थे। मूलत: आर्ष प्राकृत के तीन प्रकार हैं–

१. शौरसेनी, २. अर्धमागधी तथा ३. पाली।

१. शौरसेनी प्राकृत:–शौरसेनी प्राकृत को आर्ष कहा-महावीर के वचन अर्धमागधी और शोरसेनी प्राकृत में हैं। भाषाविज्ञ जनों के द्वारा इस प्राकृत को अतिप्राचीन माना गया। सर्वप्रथम इस प्राकृत को भरतमुनि के द्वारा नाट्यशास्त्र में उल्लेख किया। प्राचीन षट्खण्डागम आदि ग्रन्थों में इस प्राकृत का प्रयोग हुआ। अशोक के अभिलेखों में भी इस प्राकृत का प्रयोग प्राप्त होता है। नाटकों में इस प्राकृत कीबहुलता है। दिगम्बरों के सिद्धान्त और कर्म ग्रन्थों आदि की भाषा शौरसेनी प्राकृत है।

वाराणसी के पूर्व में अर्धमागधी भाषा का प्रचार था। पश्चिम भाग में शौरसेनी प्राकृत की बहुलता थी। वह भाषा ब्रजमण्डल

महुराए सणियडे य सूरसेण भागे पल्लविय पुप्फियंता विसाल मज्झ पएसम्मि पसरिआ। अहिलेहाणं पमाणेहि एस णायए सोरसेणी-पाइयो पच्छिमाओ पुव्वे वित्थिण्णमाणा दाहिणभागम्मि वि अस्स पसारो जाओ।

सूरसेण-खेत्तेण एसा, भासा सोरसेणी जाआ। जआ एसा भासा अहिलेहाणं भासा जाआ तआ एसा गुज्जर-उडिया-भागे वि पसरिआ।

राइणइग-पहावेणं वि सा भासा णिय-खेत्त वित्थारम्मि समत्था जाआ खारवेल-समए सा उडिया भागे तहा मोरियजुगम्मि दाहिण-विसालखेत्तम्मि पसरिआ। सिद्धंतवेत्ताहिं तत्तवेताहिं आइरिएहिं सोरसेणी-पाइयो सुत्तगंथाणं सोहावड्ढणम्मि अग्गण्ण-भुवंता णाडगाणं णट्टकलाए सहभागी जाआ।

पाइय-वागरणयारेहिं सोरसेणी-पाइयस्स णियमाणं सतंतो विहाणं कअं। णट्टसत्थयाराओ पच्छा चंडेणं पाइय-लक्खणे सोरसेणीएं पाइयस्स एगसुत्तं विरइयं। पाइय-पयासस्स रयणायारेणं सोरसेणी-णियमाणं वित्थारो कओ। हेमचंद-तिवि-क्कम-लच्छीहर-कमईसर-मारकंडेयाई-वागरण-सुत्तयारेहिं सोरसेणी-पाइयस्स णियमाणं विहाणं कअं। आहुणिय भासाविण्ण जणेहि तेसिं णियमाणं उल्लेहो कओ जेसिं वागरण गंथेसु समाविट्ठो। डॉ० पिसेल-डॉ० णेमिचन्द-डॉ० घाडगे-डॉ० कत्ते डॉ० उपज्झे-डॉ० एस० डी० लड्डू- डॉ० जगइस-चंदमहाभाएहिं एअस्स पाइयस्स उल्लेहो कओ।

के एवं मथुरा के सन्निकट शूरसेन भाग में वल्लवित एवं पुष्पित होती हुई विशाल मध्यभाग में फैली। अभिलेखों के प्रमाणों से यह ज्ञात होता है कि शौरसेनी प्राकृत पश्चिम से पूर्व में विस्तार को प्राप्त होती हुई दक्षिण भाग में भी इसका प्रसार हुआ।

शूरसेन क्षेत्र के कारण यह भाषा शौरसेनी कहलायी। जब यह भाषा अभिलेखों की भाषा बनी, तब यह गुजरात और उड़ीसा के भाग में भी फैल गई।

राजनैतिक प्रभाव से भी वह भासा अपने क्षेत्र के विस्तार करने में समर्थ हुई। खारवेल के समय में वह उड़ीसा भाग में तथा मौर्य-युग में दक्षिण के विशाल क्षेत्र में विकसित हुई। सिद्धान्त एवं तत्ववेत्ता आचार्यो के द्वारा शौरसेनी प्राकृत सूत्रग्रन्थों की शोभा बढ़ाने में अग्रगण्ण होती हुई नाटकों की नाट्यकला में सहभागी हुई।

प्राकृत व्याकरणकारों के द्वारा शौरसेनी प्राकृत के नियमों का स्वतंत्र विधान किया। नाट्यशास्त्रकार में शौरसेनी प्राकृत का एकसूत्र बनाया। प्राकृत-प्रकाश के रचनाकार के द्वारा शौरसेनी के नियमों का विस्तार किया गया। हेमचन्द्र, त्रिविक्रम, लक्ष्मीधर, क्रमदीश्वर, मार्कण्डेय आदि व्याकरण के सूत्रकारों द्वारा शौरसेनी प्राकृत के नियमों का उल्लेख किया जिनका व्याकरण ग्रन्थों में समावेश है। डॉ० विशेल, डॉ० नेमिचंद, डॉ० घाटगे, डॉ० कत्ते, डॉ० उपाध्ये, डॉ० एस० डी० लड्डू, डॉ० जगदीश चन्द आदि महाविचारकों के द्वारा इस प्राकृत का उल्लेख किया गया।

सोरसेणी-पाइयस्स-विसेसत्तणं-सरलविंजण-परिवट्टणं-

[१] मज्झ-अंतस्स 'तस्स दो-जह- मारुतपुत्र-मारुद-पुत्तो।

[२] कहिं चि आइ-तस्स दो-

जह-ताव-दाव

[३] संजुत्त-तस्स दो ण वा।

जह-महान्त: महंदो णिच्चिंत णिच्चिंद।

[४] थस्स धो वा।

जह-णाह-णाध, अध अह

[५] इहस्स हस्स धो वा।

जह- इह-इध

[६] भुवस्स। भो-भवो वा।

जह:-भुव-भव-भवदि-हवदि भोदि-होदि।

[७] भू-हो वा।

जह-हुंति।

[८] र्यस्स य्यो वा।

जह-सूर्य-सुय्य-सुज्ज

[९] नंतस्स अनुस्सारो संबोहणे

जह-भगवन्-भगवं राजन्-रायं।

[१०] कहिं चि आ।

जह-तवस्विन्-तवस्सिआ सुखिन्-सुहिआ, दु:खिन्-दुहिआ कञ्चुकिन्-कंचुइआ

[११] कस्स गो वा।

शौरसेनी प्राकृत की विशेषताएं सरल व्यञ्जन परिवर्तन

[१] मध्य और अन्त के त का द होता है जैसे :-मारुत-पुत्र-मारुद-पुत्तो

[२] कहीं पर आदि 'त' का द होता है।

जैसे :-ताव-दाव

[३] संयुक्त का 'द' विकल्प से होता है।

जैसे :-महान्त:-महंदो निश्चित, णिच्चिंद

[४] थ का ध विकल्प से होता है

जैसे :-णाह-णाध, अध-अह

[५] इह के ह का 'ध' विकल्प से होता है

जैसे :-इह-इध

[६] भुवन का भो भव विकल्प से होता है

जैसे :-भुव-भव भवदि-हवदि भोदि-होदि।

[७] भू का ह होता है।

जैसे :-हुंति।

[८] 'र्य' का 'य्य' विकल्प से होता है।

जैसे :-सूर्य:-सुय्य-सुज्ज

[९] सम्बोधन में नकारान्त का अनुस्वार होता है

जैसे :-भगवन्-भगवं, राजन्-रायं

[१०] सम्बोधन में कहीं-कहीं पर आ होता है।

जैसे :-तपस्विन्-तवस्सिवआ सुखिन-सुहिआ, दुखिन्-दुहिआ, कञ्चुकिन्-कंचुइआ

[११] 'क' का ग विकल्प से होता है।

जह–एक-एग-एअ-एय

[१२] ख-घ-ध-घ-भस्स हो।

जुह-मुख-मुह, लिख-लिह दुःख-दुह

अघ-अह, मघ→मह

मेघ-मेह पथ-पह

साधु-साहु, सुलभ-सुलह

अध-अह करभ-करह

शुभ-सुह

[१३] णो नस्स।

जह–नम-णम, मदन-मयण

[१४] टस्स डो।

जह–घट-घड, पट-पड

[१५] ठस्स ढो।

जह–मठ-मढ, पठ-पढ

[१६] पस्स वो।

जह–पाप-पाव, कोप-कोव

[१७] सस्स हो कहिं चि

जह–दस-दह, रस-रह

[१८] स, ष-शस्स सो

जह–सागर-सायर, दिवस-दिवस ऋषभ-उसह, विषम-विसम भाषा-भासा, शशि-ससि, शीतल-सीदल आशा-आसा,

[१९] क-ग-च-ज-त-द-प वयस्स्य पायो लुगो।

जह–लोक-लोअ, नगर-णअर, वचन-वयण, राजा-राआ, श्रुत-सुय, सदा-सआ, रिपु-रिउ उपयोग-उवयोग।

संजुत्त-विंजण-परिवट्टणं

[१] संजुत्ते लुत्त विंजणस्स दुगो।

जह–धर्म-धम्म, कर्म-कम्म। मुक्त-मुत्त, भृष्ट-भट्ट।

जैसे :–एक-एग-एअ-एय

[१२] ख, घ, थ, ध और भ का 'ह' होता है।

जैसे :–मुख-मुह

लिख-लिह दुःख-दुह

अघ-अह, अथ-अह

मेघ-मेह, पथ-पह,

साधु-साहु, सुलभ-सुलह,

अध-अह करभ-करह, शुभ-सुह

[१३] 'न' का 'ण' होता है।

जैसे :–नम-णम, मदन-मयण

[१४] 'ट' का 'ड' होता है।

जैसे :–घट-घड, पट-पड

[१५] 'ठ' का 'ढ' होता है।

जैसे–मठ-मढ, पठ-पढ

[१६] 'प' का 'व' होता है।

जैसे :–पाप-पाव, कोप-कोव

[१७] स का ह होता है कहीं पर।

जैसे :–दस-दह का 'स' रस-रह

[१८] स, ष, श, का, 'स' होता है।

जैसे :–सागर-सायर, दिवस-दिवस ऋषभ-उसह, विषम-विसम भाषा-भासा, शशि-ससि, शीतल-सीयल आशा-आसा

[१९] क, ग, च, ज, त, द, प, व और य का प्रायः लोप होता है।

जैसे :– लोक-लोअ नगर-णअर, वचन-वयण, राजा-राया श्रुत-सुय, सद-सआ, रिपु-रिऊ उपयोग-उवओग

संयुक्त व्यञ्जन परिवर्तनः-

[१] संयुक्त होने पर लुप्त व्यञ्जन द्वित्व हो जाता है।

जैसे :–धर्म-धम्म, कर्म-कम्म, मुक्त-मुत्त, भृष्ट-भट्ट।

[२] वग्गस्स पढमचउत्थस्स वीअ-तइयो

जह-अक्षर-अक्खर अर्घ-अग्घ

[३] तलुगत्ते दित्तो वा।

जह-शक्त-सत्तो-सक्को मुक्त-मुत्तो-मुक्को

[४] क्षस्स क्खो।

जह-अक्ष-अक्ख, दक्ष-दक्ख, दीक्षा-दिक्खा

[५] आइस्स खो।

जह-क्षमा-खमा क्षत्रिय- खत्तिय।

[६] ष्क-स्कस्स खो।

जह-पुष्कर-पोक्खर, शुष्क-सुक्ख स्कंघ, खंधो।

[७] स्थ-स्तस्स खो। स्थाणु-स्तंभस्स

जह-स्थाणू-खाणू, स्तम्भ-खंभो

[८] त्यस्स च्चो।

जह-सत्य-सच्च, नित्य-णिच्च

[९] त्वस्स विच्च।

जह-कृत्वा-किच्चा, श्रुत्वा-सुच्चा

[१०] थ्वस्स च्छो।

जह-पृथ्वी-पिच्छी

[११] द्वस्स ज्जो।

जह-विद्वान्-विज्ज

[१२] ध्यस्स च्छो।

जह-मिथ्या-मिच्छा

[१३] ध्यध्वस्स ज्झो।

जह-मध्य-मज्झ, बुध्वा-बुज्झा

[१४] क्षस्स कहिं चि च्छो।

[२] वर्ग के प्रथम का द्वितीय और चतुर्थ का तृतीय अक्षर हो जाता है-अक्षर-अक्खर अर्घ-अग्घ

[३] त के लोप होने पर द्वित्व विकल्प से होता है:-

जैसे :-शक्त-सत्तो-सक्को मुक्त-मुत्तो, मुक्को

[४] क्ष का क्ख होता है।

जैसे :-अक्ष-अक्ख, दक्ष→दक्ख, दीक्षा, दिक्खा।

[५] आदि को 'क्ष' का 'ख' होता है।

जैसे :-क्षमा-खमा-क्षत्रिय-खत्तिय

[६] ष्क और स्क का ख होता है।

जैसे :-पुष्कर-पोक्खर, शुष्क-सुक्ख स्कंघ-खंधो

[७] स्थ और स्त का ख होता है, स्थाणु और स्तम्भ के।

जैसे :-स्थाणू खाणू स्तम्भ-खंभो।

[८] त्य का च्च होता है।

जैसे :-सत्य-सच्च, नित्य-णिच्च

[९] त्व का भी च्च होता है।

जैसे :-कृत्वा-किच्चा, श्रुत्वा-सुच्चा

[१०] थ्व का च्छ होता है।

जैसे :-पृथ्वी-पिच्छी।

[११] 'द्व' का 'ज्ज' होता है।

जैसे :-विद्वान्-विज्ज

[१२] 'थ्य' का च्छ होता है।

जैसे :-मिथ्या-मिच्छा

[१३] ध्य और ध्व का ज्झ होता है।

जैसे :-मध्य-मज्झ, बुध्वा-बुज्झा

जह—अक्षि-अच्छि, इक्षु-इच्छु, लक्ष्मी-लच्छी, कक्ष-कच्छ, कुक्षि-कुच्छि, ऋक्ष-रिच्छ।

[१५] थ्य-श्च-त्स-प्सस्स च्छो वि।

जह—मिथ्य-मिच्छ, पथ्य-पच्छ पश्च-पच्छ, पश्चिम-पच्छिम उत्साह-उच्छाह, उत्सुक-उच्छुह-उत्सव-उच्छव, उत्सेध-उच्छेह जुगुप्सा-जुगुच्छा, लिप्सा-लिच्छा।

[१६] द्य-य्य-र्यस्स ज्जो।

जह—विद्या-विज्जा, गद्य-गज्ज शय्या-सेज्जा कार्य-कज्ज, सूर्य-सुज्ज।

[१७] र्यस्स वा य्यो

जह—सूर्य-सुय्य, आर्य-अय्य

[१८] ग्ध-ह्यस्स ज्झो।

जैह-दुग्ध-दुज्झ, गुह्य-गुज्झ

[१९] त्तस्स टटो।

जह—वृत्त-वट्टो, मृत्तिका-मट्टिआ पत्तर, पट्टण।

[२०] र्तस्स त्तो।

जह—मूर्त-मुत्त, धूर्त-धुत्त, कीर्ति-कित्ति, कर्ता-कत्ता, भर्ता-भत्ता।

[२१] र्थयस्स त्थो ट्ठो वा।

जह—अर्थ-अत्थ, पदार्थ-पयत्थ समर्थ-समत्थ, अट्ठ-पयट्ठ समट्ठ।

[२२] ष्टस्स ट्ठो।

जह—कष्ट-कट्ठ, इष्ट-इट्ठ, पुष्ट-पुट्ठ, दृष्टि-दिट्ठि।

[१४] क्ष का कहीं-कहीं पर च्छ होता है।

जैसे :—अक्षि-अच्छि, इक्षु-इच्छु, लक्ष्मी-लच्छी, कक्ष-कच्छ, कुक्षि-कुच्छि, ऋक्ष-रिच्छ।

[१५] श्य, श्च, त्स और प्स का भी च्छ होता है।

जैसे :—मिथ्य-मिच्छ, पथ्य-पच्छ, पश्च-पच्छ, पश्चिम-पच्छिम, उत्साह-उच्छाह, उत्सुक-उच्छुह उत्सव-उच्छव, उत्सेध-उच्छेह जुगुप्सा-जुगुच्छा, लिप्सा-लिच्छा।

[१६] द्य, य्य और र्य का ज्ज होता है।

जैसे :—विद्या-विज्जा, गद्य-गज्ज शय्या-सज्जा, कार्य-कज्ज, सूर्य-सुज्ज

[१७] र्य का य्य विकल्प से होता है।

जैसे :—सूर्य-सुय्य, आर्य-अय्य

[१८] ग्ध और ह्य का ज्झ होता है।

जैसे :—दुग्ध-दुज्झ, गुह्य-गुज्झ

[१९] 'त्त' का 'ट्ट' होता है।

जैसे :—वृत्त-वट्ट, मृत्तिका-मट्टिआ पत्तन-पट्टण।

[२०] र्त का त्त होता है।

जैसे :—मूर्त-मुत्त, धूर्त-धुत्त, कीर्ति-कित्ति कर्ता-कत्ता, भर्ता-भत्ता।

[२१] र्थ का त्थ ट्ठ विकल्प से होता है।

जैसे :—अर्थ-अत्थ-अट्ठ, पदार्थ-पयत्थ-पयट्ठ।

[२२] 'ष्ट' का ट्ठ होता है।

[२३] र्द-ग्ध-द्धस्स ड्ढो।

जह—संसर्द-संमड्ढ, कपर्द-कवड्ढ, छर्द-छड्ढ वितर्द-वितड्ढ दग्ध-दड्ढ, वृद्धि-वुड्ढि, ऋद्धि-इड्ढि।

[२४] ज्ञस्स णो।

जह—प्रज्ञा-पण्णा, अज्ञ-अण्ण-ज्ञान-णाण, संज्ञा-सण्णा।

[२५] पञ्चाशत्-पञ्चदश-दत्तस्स णो।

जह—पञ्चाशत्-पण्णासा, पञ्चदश-पण्णरह, दत्त-दिण्ण।

[२६] स्तस्स त्थो।

जह—हस्त-हत्थ, मस्तिक-मत्थिअ, हस्ति-हत्थि, अस्ति-अत्थि।

[२७] ष्पस्पस्स प्फो।

जह—पुष्प-पुप्फ, इन्द्रियस्पर्श-इंदियप्फास।

[२८] ह्वस्स ब्भो वा

जह—जिह्वा-जिब्भा-जीहाविह्वल-विब्भल-बीहल।

[२९] श्म-न्म-ग्मस्स म्मो।

जह—कश्मीर-कम्मार जन्म-जम्म, युग्म-जुम्म।

[३०] र्यस्स रो कहिं चि।

जह—ब्रह्मचर्य-बम्हचेर, तूर्य-तूर सौन्दर्य-सुंदेर, शौण्डीर्य-सोण्डीर धैर्य-धीर, सूर्य-सूर, पर्यन्त-पेरंत

[३१] आश्चर्यस्स र्यस्स र अर-रिअ-रिज्ज-रीआ।

जैसे :—कष्ट-कट्ठ, इष्ट-इट्ठ, पुष्ट-पुट्ठ, दृष्टि-दिट्ठि

[२३] र्द, ग्ध, द्ध का ड्ढो होता है।

जैसे :—संमर्द-संमड्ढ, कपर्द-कवड्ढ, छर्द-छड्ढ, वितर्द-वितड्ढ, दग्ध-दड्ढ, वृद्धि-वुड्ढि, ऋद्धि-इड्ढि।

[२४] 'ज्ञ' का 'ण' होता है।

जैसे :—प्रज्ञा-पण्णा, अज्ञ-अण्ण ज्ञान-णाण, संज्ञा-सण्णा।

[२५] पञ्चाशत्, पञ्चदश, और दत्त के संयुक्त अक्षर का 'ण' होता है।

जैसे :—पञ्चाशत्,-पण्णासा, पञ्चदश-पण्णरह दित्त-दिण्ण।

[२६] 'स्त' का 'त्थ' होता है।

जैसे :—हस्त-हत्थ, मस्तिक, मत्थिअ, हस्ति-हत्थि, अस्ति-अत्थि-

[२७] 'ष्प स्प का 'प्फ' होता है।

जैसे :—पुष्प-पुप्फ, इन्द्रियस्पर्श-इंदियप्फास।

[२८] ह्व का ब्भ विकल्प से होता है।

जैसे :—जिह्वा-जिब्भा-जीहा विह्वल-बिब्भ-वीहल।

[२९] श्म न्म और ग्म का म्म होता है।

जैसे :—कश्मीर-कम्मार, जन्म-जम्म, युग्म-जुम्म।

[३०] 'र्य' का 'र' होता है कहीं पर।

जैसे :—ब्रह्मचर्य-बम्हचेर, तूर्य-तूर, सौन्दर्य-सुंदेर, शौण्डीर्य-सोण्डीर, धैर्य-धीर, सूर्य-सूर, पर्यन्त-पेरंत

[३१] आश्चर्य के र्य का र, अर, रिअ, रिज्ज और रीअ होता है।

जह–आश्चर्य-अच्छेर-अच्छअर, अच्छरिअ, अच्छरिज्ज, अच्छरीअ

[३२] दु:ख दक्षिणस्स हो।

जह–दु:ख-दुह दक्षिण-दाहिण।

[३३] क्ष्म-श्म-ष्म-स्म-ह्मस्स म्हो।

जह–पक्ष्म-पम्ह, कुश्मान-कुम्हाण ग्रीष्म-गिम्ह, विस्मय-विम्हअ ब्रह्मा-बम्हा।

[३४] क्ष्म-श्न-ष्ण-स्न-ह्न-ह्ण क्ष्णस्स ण्हो।

जह–सूक्ष्म-सुण्ह, प्रश्न-पण्ह, विष्णु-विण्हु, स्नान-ण्हाण, बह्नि-बण्हि, पूर्वाह्ण-पुव्वण्ह तीक्ष्ण-तिण्ह।

[३५] सव्वत्थ ल-व-रस्स लुगो।

जह–शुक्ल-सुक्क, उल्का-उक्का वर्ग-वग्ग, चक्र-चक्क, शब्द-सद्द।

[३६]क-ग-ट-ड-त-द-प-श-ष-सस्स लुगे दित्तो।

जह–भुक्त-भुत्त, दुग्ध-दुद्ध, षट्पद-छप्पअ उत्पल-उप्पल, पुद्गल-पुग्गल सुप्त-सुत्त, दुश्चरित्र-दुच्चरित्त-शिष्य-सिस्स निस्संको-णीसंको

[३७] मज्झ अंत-सेस-विंजणस्स दित्तो।

जह–मूर्त-मुत्त, उत्पाद-उप्पाद।

[३८] संजुत्ताभावे दित्तो कहिंचि।

जह–तेल-तेल्ल, एक-एक्क प्रेम-पेम्म, यौवन-जोव्वण, सुख-सोक्ख, ऋजु-उज्जु अजीव-अज्जीव।

जैसे :–आश्चर्य-अच्छेर-अच्छअर, अच्छरिअ, अच्छरिज्ज, अच्छरिअ

[३२] दु:ख और दक्षिण के संयुक्त अक्षर का 'ह' होता है।

जैसे :–दु:ख-दुह दक्षिण-दाहिण

[३३] क्ष्म, श्म, ष्म, स्म और ह्म का 'म्ह' होता है।

जैसे :–पक्ष्म-पम्ह, कुश्मान-कुम्हाण, ग्रीष्म-गिम्ह, बिस्मय-बिम्हअ, ब्रह्मा-बम्हा।

[३४] क्ष्म, श्न, ष्ण, स्न ह्न, ह्ण और क्ष्ण का ण्ह होता है।

जैसे :–सूक्ष्म-सुण्ह, प्रश्न-पण्ह, विष्णु-विण्हु, स्नान-णहाण, बह्नि-बण्हि, पूर्वाह्ण-पुण्वण्ह तीक्ष्ण-तिण्ह।

[३५] संयुक्त ल्य, र , का लोप सभी जगह होता है।

जैसे :–शुक्ल, सुक्क उल्का-उक्का-चक्र-चक्क, वर्ग-वग्ग, शब्द-सद्द

[३६] क, ग, ट, ड, त, द, प, श, ष और स के लोप होने पर द्वित्व होता है।

जैसे :–भुक्त-भुत्त, दुग्ध-दुद्ध, षट्पद-छप्पअ, उप्पल-उप्पल, पुद्गल-पुग्गल, सुप्त-सुत्त, दुश्चरित्र-दुच्चरित, शिष्य-सिस्स, निस्संक-णीसंक।

[३७] मध्य और अन्त शेष व्यञ्जन का द्वित्व होता है।

जैसे :–मूर्त-मुत्त, उत्पाद-उप्पाद

[३८] संयुक्त के अभाव होने पर कहीं-कहीं द्वित्व होता है।

जैसे :–तेल-तेल्ल, एक-एक्क, प्रेम-पेम्म, यौवन-जोव्वण, सुख-सोक्ख, ऋजु-उज्जु अजीव-अज्जीव।

सर-परिवट्टणं :-

[१] विसग्गस्स ओ।

जह—पुरतः-पुरदो, पुनः-पुणो

[२] अस्स उ कहिंचि

जह—ध्वनि-झुणी, विष्वक्-वीसुं

[३] अस्स ए।

जह—शय्या-सेज्जा, कन्दुक-गेंदुग अत्थ-एत्थ, सौन्दर्य-सुंदेर बल्ली-बेल्ली, उक्कर-उक्केर अन्तः पुर-अंदेउर, ब्रह्म-चर्य-बम्हचेर महर्षि-महेसि, आश्चर्य-अच्छेर।

[४] अस्स ओ।

जह—पद्म-पोम्म, नमस्कार-णमोक्कार परस्पर-परोप्पर, अर्पयति-ओप्पेदि स्वपिति-सोवदि।

[५] आए अ वा।

जह—यथा-जह—जधा, तथा-तध-तधा, अथवा-अधव, अधवा, वा-व, उक्खात-उक्खय-उक्खाद, चामर-चमरा-चामर, कुमार-कुमर-कुमार, स्थापित-ठविद-ठाविद।

[६] सदाइणो इ वा

जह—सदा-सया-सइ, आचार्य-आइरिय-आयरिय निशाचर-णिसिअर-णिसाअर।

[७] कहिं चि 'ई'।

जह—स्त्यान-ठीण-थीण खल्वाट-खल्लीढ।

[८] उ च।

जह—सास्ना-सुण्हा, स्तावक, थुवअ आर्द्र-उल्ल।

स्वर-परिवर्तन :-

[१] विसर्ग का 'ओ' होता है।

जैसे :—पुरतः-पुरदो, पुनः-पुणो

[२] 'अ' का 'उ' होता है कहीं-कहीं पर।

जैसे :—ध्वनि-झुणी, विष्वक्-वीसुं

[३] 'अ' का ए होता है।

जैसे :—शय्या-सेज्जा, कन्दुक-गेंदुग अत्थ-एत्थ, सौन्दर्य-सुंदेर, बल्ली-बेल्ली, उक्कर-उक्केर, अन्तःपुर-अंदेउर, ब्रह्म-चर्य-बम्हचेर, महर्षि-महेसि, आश्चर्य-अच्छेर।

[४] अ का ओ होता है।

जैसे :—पद्म-पोम्म, नमस्कार-णमोक्कार परस्पर-परोप्पर, अर्पयति-ओप्पेदि स्वपिति-सोवदि।

[५] आ का 'अ' होता है विकल्प से।

जैसे :—यथा-जध, जधा, तथा-तध-तधा अथवा-अधव-अधवा, वा-व उक्खात-उक्खय-उक्खाद, चामर-चमर-चामर, कुमार-कुमर-कुमार, स्थापित- ठविद-ठाविद।

[६] सदा आदि के 'आ' का 'इ' विकल्प से होता है।

जैसे :—सदा-सया-सइ, आचार्य-आइरिय-आयरिय, निशाचर-णिसिअर-णिसाअर।

[७] कहीं-कहीं पर 'ई' होता है।

जैसे :—स्त्यान-ठीण-थीण खल्वाट-खल्लीढ।

[८] आ का उ भी होता है।

जैसे :—सास्ना-सुण्हा, स्तावक-थुवअ आर्द्र-उल्ल।

[९] आसारस्स ऊ वा।

जह—आसार-ऊसार-आसार।

[१०] आए ए।

जह—ग्राह्य-गेज्झ-गेण्ह, द्वार-देर, नारकी-णेरइ, मात्र-मेत्त।

[११] संजुत्त-दिग्घसरस्स हिस्सो।

जह—आम्र-अम्ब, ताम्र-तम्ब विरहाग्नि-विरहग्गि, मुनीन्द्र-मुणिंद तीर्थ-तित्थ, चूर्ण-चुण्ण, सामान्य-सामण्ण, महाराष्ट्र-मरहट्ठ।

[१२] इस्स अ।

जह—पथि-पह, पृथिवी-पुहवी, प्रतिश्रुत्-पडसुद, मूषिक-मूसग, हरिद्रा-हलद्दा, विभीतक-वहेडअ।

[१३] द्विस्स इस्स उओ वा।

जह—द्वि-दु दो

[१४] ईइस्स ए वि

जह—विक्रिया-वेउव्वि, तिष्ठ-चेट्ठ द्वि-वे, विभीतक-वहेडअ।

[१५] ईए इ।

जह—हरीतकी-हरडइ

[१६] ईए आ।

जह—कश्मीर-कम्हार।

[१७] ईए इ।

जह—पानीय-पाणिअ, अलीक-अलिअ, जीवति-जिअदि, करीष-करिय, शिरीष-सिरिस, द्वितीय-विदिय तृतीय-तइय, तदिय, गंभीर-गाहिर, उपनीत-उवणिअ,

[९] आसार के 'आदि' का ऊ विकल्प से होता है।

जैसे :—आसार-ऊसार, आसार।

[१०] 'आ' का ए भी कहीं-कहीं पर होता है।

जैसे :—ग्राह्य-गेज्झ-गेण्ह, द्वार-देर नारकी-णेरई, मात्र-मेत्त।

[११] सयुक्त दीर्घ स्वर का ह्रस्व होता है।

जैसे :—आम्र-अम्ब, ताम्र-तम्ब, विरहाग्नि-विरहग्गि, मुनीन्द्र-मुणिद, तीर्थ-तित्थ, चूर्ण-चुण्ण, सामान्य-सामण्ण, महाराष्ट्र-मरहट्ठ।

[१२] 'इ' का अ भी होता है।

जैसे .—पथि-पह, पृथिवी-पुहवी, प्रतिश्रुत-पडसुद, मूषिक-मूसग, हरिद्रा हलद्दा, विभीतक-वहेडअ।

[१३] 'द्वि' के इ का उ, ओ होता है विकल्प से।

जैसे :—द्वि-दु दो।

[१४] ई 'इ' का ए भी कही-कहीं पर होता है।

जैसे :—विक्रिया-वेउव्वि, तिष्ठ-चेट्ठ द्वि-वे, विभीतक-वेहडअ।

[१५] 'ई' का इ होता है

जैसे :—हरीतकी-हरडइ।

[१६] 'ई' का 'आ' होता है।

जैसे :—कश्मीर-कम्हार।

[१७] 'ई' का इ होता है।

जैसे :—पानीय-पाणिअ, अलीक-अलिअ, जीवति-जिअदि, करीष-करिस, शिरीष-सिरिस, द्वितीय-विदिय, तृतीय-तइय-तदिय, गंभीर-गहिर, उपनीत-उवणिअ,

आनीत-आणिअ, प्रदीपित-पलिविद, प्रसीद-पसिद गृहीत- गाहिद, इदानीम्-इदाणिं-दाणिं।

[१८] जीर्णस्स उ।

जह—जीर्ण-जुण्ण।

[१९] हीन-विहीनस्स ईए ऊ वा।

जह—हीन-हूण-हीण, विहीन-विहूण-विहीण।

[२०] पीयूषाईणो ईए ए वा।

जह—पीयूष-पेऊस-पीऊस, आपीड-आमेल-आवीड, विभीतक-वहेडअ, की दृशाः-केरिसो-कीरिसो ईदृशः-एरिसो-ईरिसा।

[२१] उस्स अ।

जह—मुकुल-मउल, मुकुर-मउल, मुकुट-मउड, अगरु-अगरु-अगरु, गुर्वी-गरुई, युधिष्ठिर,-जहिट्ठिल, सौकुमार्य-सोअमल्ल, गुडूची-गलोइ।

[२२] उस्स इ वि।

जह—भ्रुकुटी-भिउडी, पुरुष-पुरिस

[२३] संजुत्ते उस्स ओ वा।

जह—पुद्गल-पोग्गल-पुग्गल, पुष्कर-पोक्खर-पुक्खर, मुद्गर- मोग्गर-मुग्गर, पुस्तक-पोत्थअ-पुत्थअ।

[२४] ऊए उ।

जह—भ्रू-भु। हनूमत-हणुमंत कण्डूय-कण्डुय, वातूल-वाउल, मधूक- महुअ, मूसल-मुसल।

आनीत-आणिअ, प्रदीपित-पलि विद, प्रसीद-पसिद गृहीत-गहिद, इदानीम्-इदाणिं, दाणिं।

[१८] जीर्ण के 'इ' का उ हो जाता है।

जैसे :—जीर्ण-जुण्ण।

[१९] हीन और विहीन के 'ई' का 'ऊ' विकल से होता है।

जैसे :—हीन-हूण-होण, विहीन-विहूण-विहीण।

[२०] पीयूष आदि के 'ई' का ए विकल्प से होता है।

जैसे :—पीयूष-पेऊस-पीऊस, आपीड-आमेल-आवीड, विभीतक वहेडअ, कीदृशः केरिसो, कीरिसो ईदृश-एरिसो-ईरिसो।

[२१] 'उ' का अ हो जाता है।

जैसे :—मुकुल-मउल, मुकुर- मउल, मुकुट-मउड, अगुरू-अगरू गुर्वी-गुरूई, युधिष्ठिर-जहिट्ठिल, सौकुमार्य, सोअमल्ल, गुडूची-गलोइ।

[२२] उ का इ भी होता है कहीं-कहीं पर।

जैसे :—भ्रुकुटी-भिउडी, पुरुष-पुरिस

[२३] संयुक्त होने पर 'उ' का ओ विकल्प से हो जाता है।

जैसे :—पुद्गल-पोग्गल-पुग्गल, पुष्कर-पोक्खर, पुक्खर, मुद्गर-मोग्गर-मुग्गर, पुस्तक-पोत्अअ-पुत्थअ।

[२४] ऊ का 'उ' हो जाता है।

जैसे :—भ्रू-भु, हनूमत्-हणुमंत कण्डूय-कण्डुय, वातूल-वाउल, मधूक-महुअ, मूसल-मुसल।

[२५] नूपुरस्स ऊए ए।

जह—नूपुर-णेउर।

[२६] ऊए ओ।

जह—कूष्माण्डी-कोहण्डी, मूल्य-मोल्ल, तूणीर-तोणीर, कूर्पर-कोप्पर, स्थूल-थोर, ताम्बूल-तंबोल, गुडूची-गलोइ, स्थूणा-थोणा।

[२७] ऋस्स अ।

जह—घृत-घय, मृत-मय, तृण-तण मृग-मय, अमृत-अमय, वृषभ, वसह कृत-कय।

[२८] ऋस्स इ।

जह—कृपा-किवा, हृदय, हियय, मृष्ट-मिट्ठ, धृष्टठ धिट्ठ, ऋद्धि-इद्धि, इड्ढि, ऋषि-इसि, कृषि-किसि, कृमि-किमि, कृषक-किसग, नृप-णिव, पृच्छ-पिच्छ, गृद्ध-गिद्ध, गृह-गिह, ऋण-रिण, भृंग-भिग, घृणा-घिणा, शृगाल-सियाल।

[२९] ऋस्स उ।

जह—ऋषभ-उसह, प्राभृत-पाहुड मृणाल-मुणाल, वृत्तान्त-वुत्तंत, पृथिवी-पुढवी, वृद्धि-वुड्ढि, मृदंग-मुइंग, ऋतु-उऊ प्रभृति-पहुदि, पृथक-पुह, पितृ-पिउ मातृ-मादु-माउ भ्रातृ-भाउ, परामृष्ट-परामुट्ठ।

[३०] ऋस्स ए।

जह—गृह-गेह, ग्राह्य-गेज्झ

[३१] ऋस्स रि।

जह—ऋतु रिउ, ऋषभ-रिसह, ऋण-रिण, ऋद्धि-रिद्धि।

[३२] ऐइ ए अइ

[२५] नूपुर के 'ऊ' का ए हो जाता है।

जैसे :—नूपुर-णेउर।

[२६] 'ऊ' का ओ हो जाता है।

जैसे :—कूष्माण्डी-कोहण्डी, मूल्य-मोल्ल, तूणीर-तोणीर, कूर्पर-कोप्पर, स्थूल-थोर, ताम्बूल-तंबोल, गुडूची-गलोइ, स्थूणा-थोणा।

[२७] ऋ का अ हो जाता है।

जैसे :—घृत-घय, मृत-मअ, तृण-तण, मृग-मय, अमृत-अमय, वृषभ-वसह, कृत-कयं।

[२८] ऋ का इ हो जाता है।

जैसे :—कृपा-किवा, हृदय-हियय, मृष्ट-मिट्ठ, धृष्ट-धिष्ठ, ऋद्धि-इद्धि-इड्ढि, ऋषि-इसि, कृषि-किसि, कृमि-किमि, कृषक-किसग, नृप-णिव, पृच्छ-पिच्छ, गृद्ध-गिद्ध, गृह-गिह, ऋण-रिण, भृंग-भिंग, शृंग-सिंग, घृणा-घिणा, शृगाल-सियाल।

[२९] ऋ का उ होता है।

जैसे :—ऋषभ-उसह, प्राभृत-पाहुड, मृणाल-मुणाल, वृत्तान्त-वुत्तंत पृथिवी-पुढवी, वृद्धि-वुड्ढि, मृदंग-मुइंग, ऋतु-उऊ, प्रभृति-पृहुदि, पृथक्-पुह पितृ-पिदु-पिउ, मातृ-मादु-माउ, भ्रातृ-भाउ।

[३०] ऋ का ए हो जाता है।

जैसे :—गृह-गेह, ग्राह्य-गेज्झ

[३१] ऋ का रि हो जात हैं।

जैसे :—ऋतु-रिउ, ऋषभ-रिसह, ऋण-रिण, ऋद्धि-रिद्धि।

[३२] 'ऐ' का 'ए' और अइ हो जाता है।

जह–कैलास-केलास-कइलास, वैर-वेर-वइर, सैला-सेला-सइला वैभव-वेभव-वइभव, वैतरणी-वेतरणी, वइतरणी, त्रैलोक्य-तेलोक्य-तइलोक्क।

[३३] ऐइ ई।

जह–धैर्य-धीर।

[३४] औइ ओ अउ।

जह–कौमुदी-कोमुदी-कउमदी कौतूहल-कोउहल-कऊहल गौरी-गोरी-गउरी, कौशल-कोसल, कउसल औषधि-ओसहि-अउसहि, कौरव-कोरव-कउरव सौरभ-सोरह-सउरह।

[३५] गौरवस्स औओ आ य।

जह–गौरव-गारव-गोरव-गउरव।

[३६] अवस्स ओ।

जह–अवधि-ओहि, अवकाश-ओगास।

[३७] त्रयस्य ते।

जह–त्रय-ते।

[३८] चतुस्स चो।

जह–चतु-चो-चोद्दह।

[३८] दसस्स रह।

जह–एकादश-ग्यारह, द्वादश–बारह तेरह अठारह।

सण्णासद्दविहाणं

[१] पढमा एगवयणे अस्स ओ।

जह–जिणो-जिण+ओ

[२] लुगे सरे।

जह–जिण+ओ-जिणो।

जैसे :–कैलास-केलास-कइलास, वैर-वेर-वइर, सैला-सेला-सइला, वैभव-वेभव-वइभव-वैतरणी-वेतरणी, वइतरणी, त्रैलोक्य-तेलोक्क, तइलुक्क।

[३३] 'ऐ' का ई कहीं-कहीं पर होता है।

जैसे :–धैर्य-धीर।

[३४] 'औ' का ओ और अउ होता है।

जैसे :–कौमुदी-कोमुदी-कउमदी कौतूहल, कोउहल, कऊहल, गौरी, गोरी-गउरी, कौशल-कोसल-कउसल औषधि-ओसहि, अउसहि कौरव-कोरव-कउरव सौरभ-सोरह-सउरह।

[३५] गौरव के औ का आ और ओ अउ भी होता है।

जैसे :–गौरव, गारव-गोरव-गउरव।

[३६] अव का ओ होता है।

जैसे :–अवधि-ओहि, अवकाश-ओगास।

[३७] त्रय का ते हो जाता है।

जैसे :–त्रय-ते।

[३८] चतु को चो हो जाता है।

जैसे :–चतुश्चो-चोद्दह।

[३८] दश का रह हो जाता है।

जैसे :–एकादश-ग्यारह, द्वादश-बारह, तेरह, अठारह।

संज्ञा शब्द विधान:-

[१] प्रथमा एकवचन में अकारान्त शब्द 'ओ' हो जाता है।

जैसे :–जिणो, जिण+ओ।

[२] स्वर के होने पर शब्द के स्वर का लोप हो जाता है।

[३] बहुवयणे आ।

जह—जिण+आ=जिणा

[४] बीए एगवयणे अणुस्सारो।

जह—जिण+-=जिणं।

[५] अणुस्सार-णो-णा-स्स-म्हि-म्मि-पच्चए हिस्सो।

जह—जिणं, हरिं, **गामणिं**, भाणुं, **खलपुं** (पुंलिंग)।

मालं, बुद्धिं, लच्छिं, धेणुं, बहुं (स्त्री) वंण, दहिं, महुं (नपुंसकलिंग)।

[६] तइयाए पुंसि अस्स एण एणं एगवयणे।

जह—जिण-एण, एणं, जिणेण जिणेणं।

[७] इस्स णा पुं-णउंसगे।

जह—हरिणा, गामणिणा, भाणुणा, खलपुणा (पुं०) दहिणा, महुणा (नपुं०)

[८] अस्स बहुवयणे एहि एहिं।

जह—जिणेहि, जिणेहिं।

[९] इईउऊए हि हिं दिग्घो।

जह—हरीहि हरीहिं, गामणीहि, गामणीहिं भाणूहि, भाणूहिं, खलपूहि, खलपूहिं (पुं०) दहीहि, दहीहिं, महूहि, **महूहिं** मइहि, मईहिं, लच्छीहि लच्छीहि (स्त्री)।

जैसे :—जिण+ओ=जिणो।

[३] बहुवचन में 'आ' हो जाता है।

जैसे :—जिण+आ=जिणा।

[४] द्वितीया एकवचन में अनुस्वार (-) हो जाता है।

जैसे :—जिण+-जिणं।

[५] अनुस्वार (-) णो, णा, स्स, म्हि, म्मि प्रत्यय होने पर दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है।

जैसे :—जिणं, हरिं, **गामणिं**, भाणुं, **खलपुं** (पुंलिंग) **मालं**, **बुद्धिं**, **लच्छि**, धेणुं, **बहुं** (स्त्री) वणं, दहिं, महुं (नपुसंकलिंग)।

[६] अकारान्त पुं० शब्दों के तृतीया एकवचन में एण और एणं प्रत्यय होते हैं।

जैसे :—जिण+एण एणं जिणाण जिणेणं।

[७] इकारान्त पुंलिंग एवं नपुंसक लिंग शब्दों के तृतीया एकवचन में 'णा' प्रत्यय होता है।

जैसे :—हरिणा, गामणिणा, भाणुणा खलपुणा (पुं०) दहिणा, महुणा (नपुं०)।

[८] अकारान्त पुंलिंग तृतीया बहु-वचन में एहि और एहि प्रत्यय होते हैं।

जैसे :—जिणेहि, जिणेहि।

[९] इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त और ऊकारान्त शब्दों के तृतीया बहुवचन में हि, हिं प्रत्यय होते हैं और दीर्घ हो जाता है।

जैसे :—हरीहि, हरीहिं, गामणीहि, गामणीहिं भाणूहि, भाणूहिं, खलपूहि, खलपूहिं (पुं०) दहीहि, दहीहिं, महूहि, महूहिं (नपुं०) मईहि, मईहिं, लच्छीहि लच्छीहिं।

[१०] चउ-छट्ठीए एगवयणे स्स पुं० णउंसे।

जह—जिणस्स, हरिस्स, गामणिस्स, भाणुस्स खलपुस्स (पुं०)।

वणस्स, दहिस्स, महुस्स (नपुं०)

[११] बहुवयणे ण णं दिग्घो।

जह—जिणाण; जिणाणं, हरीण, हरीणं गामणीण, गामणीण, भाणूण भाणूणं खलपूण खलपूणं (पुं०) वणाण, वणाणं, दहीण, दहीणं महूण, महूणं (नपुं०) मालाण, मालाणं, मईण, मईणं, लच्छीण, लच्छीणं, धेणूण धेणूणं, बहूण बहूणं।

[१२] पंचमीए दो दु वा दिग्घो लुगो य

जह—जिणादो, जिणादु जिणाओ, जिणाउ, जिणा (पुं०) मालादो मालादु मालाओ, मालाउ (स्त्री०) वणादो, वणादु, वणाओ, वणाउ (नुपं०)।

[१३] हिंदो सुंतो वि।

जह—जिणाहिंदो जिणेहिंदो (पुं०) जिणाहिंदो जिणासुंतो, मालाहिंदो मालासुंतो, वणाहिंदो वणासुंतो।

[१४] म्मि म्हि ए एगवयणे पुं० णउंसे।

जह—जिणम्मि, जिणम्हि, जिणे (पुं०) वणम्मि वणम्हि, वणे (नपुं०)।

[१०] चतुर्थी/षष्ठी अकारान्तादि पुंलिंग और नपुंसक लिंग के एकवचन में 'स्स' होता है।

(4) गत्यर्थक, गम, रण, बुध्यर्थक-बुह, णा, विद/वेद, प्रत्यवसानार्थक-अक्ख, अद, मुंज, शब्दकर्मवाचक,-पढ, उच्चर आदि में कर्म का प्रयोग होता

है। यथा - सत्तुणो सग्गं गच्छति। णाणं णाति। वेदं वेदति। फलं भक्खति/अदति/भुंजति/पाठं पढति/उच्चरति/उच्चरइ।

(5) उव, अणु - अधि और 'आ' पूर्वक 'वस' धातु में द्वितीया होती है। यथा गामं उववसति। समणं अणुवसति/पुरं अधिवसति/गुरु वणं आविसति।

(6) अधि + सय, अधिचिट्ठ ओर अहि + आस में द्वितीया होती है। यथा - गामं अधिसमति। गामं अहिचिट्ठति। गामं अहिआसति।

(7) अधि + णिविस क्रिया में द्वितीया होती है। पव्वयं अहिणिविसति।

(8) समया, णिअसा, हा, धिग, अंतरा, अंतरेण, अति, जेण, विना, सव्वतो, उभयतो, परितो, अहितो आदि में भी द्वितीया होती है। यथा - समया पव्वयं णई। णिअसा पव्वयं वणं। हा! णरिंद वाही। इणं जम्मिगंधिग अंतरा णयइं णामो। अंतरेण धम्मं सुहं च। अइबुइं महाबलं कुणति। जेण जिणवरं सरति, तेण झाणं हवति। सव्वतो णयरं संती। उभयतो वणं। परितो जिणं दंसणं। जिणं बिना ण गइ।

(9) लक्खण, अभि, वीप्सा, इत्थंभूत, पडि, परि, अनु आदि के योग में द्वितीया होती है।

(10) क्रिया विशेषण शब्द में द्वितीया होती है। आसो सत्तरो धावति।

प्राकृत-वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए

से/सो आण-बले, से/सा णाणबले, मित्तबले, से/सो पेच्चबले, से/सो देवबले से/सो रायबले, से चोरबले, से/सो अतिथिबले, से किवणबले, से समणबले, इच्चेतेहिं विरुवरुवेहिं कज्जेहि दंडसमादाणं सपेहाए भया कज्जति, पावमोक्खो त्ति मण्णमाणं अदुरा आसंसाए।

पिंडं वा लोयं वा खीरं वा दहिं वा णवणीतं वा धयं वा गुलं वा तेल्लं वा महुं मज्जं वा मंसं वा संकुलिं फाणितं पूपं वा सिहरिणिं वा लभिस्सामि।

निम्न वाक्यों का प्राकृत में अनुवाद कीजिए

महावीर नगर में प्रवेश करते हैं। वहां उद्यान में बैठते है। वे लोगों को समझते हैं। चारों ओर कर्म हैं। कर्मों को जो समझता है, वह मुक्त होता है। चंदणा जीवों के प्रति दया करती है वह माता को पूजती है। पिता को आदर देती है। वह बुद्धि को फैलाती है। वह महावीर के समीप आती है। चंदना का हृदय धर्म की ओर अग्रसर होता है। वह जीवन पर्यन्त धर्म तक रहती है। महावीर से शिक्षा मांगती है। दीक्षा को कहती है। वह उनसे धर्म पूछती है। धर्म से तत्त्व मथती है। ज्ञान के बिना सुख नहीं।

उत्तर दीजिए

(1) कर्म क्या है? वस्तु का व्यापार क्या है।

(2) कर्म में द्वितीया कब होती है?

(3) दुह, याच, पुच्छ में द्वितीया का प्रयोग कीजिए।

(4) अभितो, परितो, उभयतो के वाक्य प्रयोग कीजिए।

(5) अंतरा, अंतरेण, विणा के सरल वाक्य बनाइए।

(6) उसहमजिंय च वंदे, संभव-अहिणंदणं च सुमइं। वा क्या पूर्ण करें और। पद लिखकर विभक्ति का निर्देश कीजिए।

द्वितीया प्रयोग- (पुं) जिणं णमइ। जिणा णमंति

स्त्री - धारणिं देविं पणमइ। ताओ अंजणं सरंति।

(नपुं) इमं दहिं भुंजइ। इमाणिं आगमसुत्ताणिं पढंति।

क्रिया प्रयोग कीजिए-मालं, पुत्तं, सत्थं, णाणं, पवयणं, आयारं, सायरं। मालाओ, वयणाणिं, पयणाणिं, सुत्ताणिं, फलाइ, जलाइं। चरिताणि, बणाइं।

करण कारक

तइय-पण्णावणा पवेस

तदिया विहत्ती-करणकारग-(साधकतमं करणं) से, के द्वारा।

जो क्रिया की सिद्धि में सबसे अधिक सहायक होता है वह कारण कहलाता है। यथा-पवयणेणं अप्पसुद्धिं करेति। दंसणेण लाहं पत्तेति/पत्तेइ। सुहेण सुहो।

वाक्य प्रयोग

समणो सहावेण पवित्तो। सुहेण आता सुहो हवति। असुहेण अपवित्तो। णाणेणं, दंसणेण चरित्तेणं च आतं रक्खति। अज्झयणेणं वसति। धणेण किं पयोजणं। सो णाणेण हीणो। बालगो अज्झयणेणं सुहं पावति। आसवेण कम्माणि आगच्छंति। मासेण उववासं करेति। गुरुणा सह सिस्सो अज्झयणं कुणेति। तवेण सार्क/समं/सद्धिं झाणं झाति। णाणेण विणा ण चरित्तं दंसणेण विणा ण णाणं। दंसणेणं णाणेणं चरित्तेणं एगेणं विणा ण मोक्खो।

समणेणं भगवता महावीरेणं आइगरेणं सय-संबुद्धेणं पुरिसुत्तमेणं पुरिससीहेणं पुरिस-वर-पुंडरीएणं पुरिस-वर-गंध- हत्थिणा लोगुत्तमेणं लोगनाहेणं लोगहिएणं

लोगपईवेणं लोग-पज्जोअगरेणं अभयदएणं चक्खुदएणं मग्गदएणं सरणदएणं जीवदएणं बोहिदएणं धम्मदएणं धम्मदेसएणं धम्मणायएणं धम्मसारहिणा धम्मवरचाउरंत-चक्कवट्टिणा अप्पडिहय-वर-णाण-दंसण-धरेणं वियट्ट-छउमेणं जिणेणं जावएणं तिण्णेणं तारएणं बुद्धेणं बोहएणं मुत्तेणं मोयगेणं सव्वण्णुणा सव्वदरिसिणा। (समवायांग 1)

प्राकृत कीजिए

चारित्र से मनुष्य पवित्र होता है। शुभ से स्वर्ग पाता है। अशुभ से कुनर होता है। शुद्ध से परमात्म स्वरूप को प्राप्त करता है। श्रमण से धर्म चलता है। महावीर से पूछता है। तप से मन वश करता है। आश्रव से कर्म आते हैं। बन्ध से मुक्ति नहीं है। पर्यावरण से वातावरण शुद्ध होता है। प्रदूषण से मानसिक और शारीरिक कष्ट होता है। कलम से लिखता है। दण्डे से मारता है। पिता के साथ ठहरता है।

नियम निर्देश

1. कत्ति करणम्मि तदिया (कर्तृ करण में तृतीया होती है।) झाणेण तवेण कम्मं झएति।
2. प्रकृति अर्थ में तृतीया होती है। यथा-सहावेण सुंदरो लोओ।
3. फल प्राप्ति अर्थ में तृतीया होती हैं यथा-संवच्छरेणं झाणेणं मुत्ती।
4. सहत्थे तदिया-सह अर्थ में तृतीया होती है। पितुणा सह गच्छति।
5. कार्यसिद्धि अर्थ में तृतीया होती है। (सिद्धीइ तदिया) मासेण झाणं।
6. अंग विगारत्थ-लक्खणे 'जहां अंग विकार लक्षित होता है, वहां तृतीया होती है। णेत्तेण हीणो। पादेण खंजो। कण्णेण वहिरो। कटिणा कुब्जो।
7. इत्थं भूत-लक्खणे-इत्थंभूत अर्थ में तृतीया होती है। उवगरणेण साहू। मोणेण मुणी 'कमंडुलेणं साहगो। गंथ-रहिएणं निगंथो।
8. हेतुम्मि-हेतु अर्थ में तृतीया होती है। साहणाए परिवसति अत्थ। सवेण सुद्धी। झाणेण साहू। धणेण कुलं। दाणेण पत्तं। पुण्णेण दंसणं।
9. किं, कज्जं, अट्ठं (अर्थ), पयोजणं एवं अलं के योग में तृतीया होती है। धणेण किं? छत्तेण कज्जं। किमट्ठं णरिंदेण याचते। अलं समेण।
10. शपथ अर्थ में तृतीया होती है। (सपथेणं च) यथा- सच्चेण सवामि।
11. सत्तमीए दतिया-तेणं कालेण भगवता महावीरेणं। यथा :-

जिणेण, जिणेणं	जिणेहि, जिणेहिं
णाणेण, णाणेणं	णाणेहि, णाणेहिं

उत्तर दीजिए

1. किसके योग में तृतीया होती हैं।
2. फलार्थ, इत्थभूतार्थ में तृतीया होती है, उदाहरण दीजिए।
3. हेतु अर्थ में कौन सी विभक्ति होती है?
4. कत्थ (कुत्र), ईसिं (ईषत्-थोड़ा), कल्लं (कल), तं जहा - (जैसा कि), सह, साकं, सद्धि, पुरा आदि अव्ययों के प्रयोग के साथ तृतीया के वाक्य बनाइए।
5. भुञ्ज (भुंज् - खाना), अस (होना), संगह (एकत्रित करना), भूस (सजाना), कुण, कर, चत्त, अच्छ, आढव (प्रारंभ करना), किण (क्रीण खरीदना), धुण, धर, गण, गज्ज आदि क्रियाओं का तृतीया के वाक्यों के साथ प्रयोग कीजिए।

सम्प्रदान कारक

चतुत्थी विहत्ती :– (चतुत्थी संपदाणम्मि) संप्रदान अर्थ में चतुर्थी होती है। यथा–समणाणं सत्थाणि। छत्ताणं पोत्थगणिं। बालाणं सिक्खा। णिंदाण दया। वणप्फदीणं च रक्खणं देंति।

वाक्य प्रयोग

अहं जिणस्स णमेमि। तुमं समणस्स सत्थं देसि। तुम्हे जिणस्स भत्ती। अरिहंताणं सिद्धाणं आइरियाणं उवज्झायाणं साहूणं णमो। अहं जलस्स गच्छामि। मुणी सज्जणाणं उवदेसति। गुरु णाणस्स पेसति/पेसइ।

गाथा का अर्थ कीजिए

अचेलगस्स लूहस्स संजयस्स तवस्सिणो।
तणेसु सयमाणस्स हुज्जा गाय - विराहणा।। (उत्त. 2/17)

प्राकृत कीजिए

वह ज्ञान के लिए विद्यालय जाता है। श्रमणोपासक श्रमणों को नमन करता है। श्रावक गुरु की प्रशंसा करता है। श्राविका श्रमणियों के लिए आहार देती है। बालक पुस्तक के लिए पैसे मांगता है। तुम सब अरिहंत प्रभु को नमन करते हो। उपाध्यायों

के लिए यह उपकरण है। बालिकाओं के लिए शिक्षा, श्रमणों के लिए भिक्षा, ज्ञानियों के शास्त्र, छात्रों को पुस्तक और निर्धनों के लिए दान देता हूं। मुनि तप के लिए वन में जाते हैं। साधु ज्ञान के लिए स्वाध्याय (सज्झायं) करते हैं।

नियम निर्देश

1. 'कम्मुणा अहिप्पेति स संपदाणं' जिसको भली भांति प्रदान किया जाए वह चतुर्थी होती है। यथा-समणाणं आहारं देति।
2. संपदाणे तु। सम्प्रदान में चतुर्थी होती है। यथा-णाणिस्स सत्थं देति।
3. रुच्चत्थे चतुत्थी-रुच/रोच अर्थ में चतुर्थी होती है। समणस्स रोचते णाणं
4. तादत्थे वि। तादर्थ/के लिए अर्थ में चतुर्थी होती है। पढणत्थं विज्जालयस्स गच्छति।
5. कोह-दोह-ईरिस-असूयत्थे चतुत्थी। कोह (क्रोध) दोह (द्रुह्-द्रोह करना), ईरिस (ईर्ष्य्-ईर्ष्या करना), असूय अर्थ में चतुर्थी होती है। यथा-सुट्ठो सज्जणस्स कोहति/दोहति/ईरिसति/असूयति। असूयइ।
6. इच्छत्थे। इच्छा अर्थ में चतुर्थी होती है। सो णाणस्स इच्छति।
7. सलाह (श्लाघ्-प्रशंसा करना), गुह (हनु-छिपाना), चिट्ठ, सप (शप् - शपथ लेना) अर्थ में चतुर्थी होती है। (सलाह-गुह-चिट्ठ-सपत्थे चतुत्थी)। यथा णाणिस्स सलाहति। पावस्स णुहति। उज्जाणस्स चिट्ठति। सिरस्स सपति। सयइ।
8. गत्यत्थे-गति अर्थ में चतुर्थी होती है। यथा-आहारं गच्छति साहू।
9. हित-सुहत्थे चतुत्थी। हित और सुख अर्थ में चतुर्थी होती है। यथा-आइरियो हितस्स परिभमति। गच्छति। सव्वेसिं जीवाणं सुहं अत्थि।
10. भम-खेम-अत्थ-सक्क-णम-कल्लाण-इच्छ-कहत्थे चतुत्थी।
11. प्राकृत में चतुर्थी और षष्ठी में समानता है। अर्थात् चतुर्थी के स्थान पर षष्ठी के प्रत्ययों का प्रयोग होता है। जीवस्स (एकवचन)जीवाण (बहुवचन)।
12. चतुर्थी की पहचान वाक्य रचना से होती है। जैसे।

    णमो अरिहंताणं = अरिहंतों को / अरिहंतों के लिए नमन। 'नम' के योग में चतुर्थी।

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व-साहूणं।।

चतुर्थी-जीवस्स (पुं.)	जीवाण (पुं.)
वणस्स (नपुं.)	वणाण (नपुं.)
सव्वस्स (पुं.) नपुं. सर्वनाम।	सव्वाण, सव्वेसिं (पुं. नपुं.) सर्वनाम
मालाए, मालाइ (स्त्री.)	मालाण, मालाणं (स्त्री).

अपादान कारक

पंचमी-विहत्ती-(अपादान कारक) धुवमपाए अवादाणं। अवादाणे पंचमी। पदार्थ के विच्छेद होने अर्थ में पंचमी विभक्ति होती है। यथा-संजोगा/संजोगातो विप्पमुक्कस्स। संजोगा विप्पमुक्कस्स अणगारस्स भिक्खुणो।

वाक्य प्रयोग

महावीर आज नगर से आते हैं। वे संजोग से मुक्त हैं। वे कहते हैं-जो धर्म से प्रमाद करता है वह नष्ट हो जाता है। प्रमाद से रहित शीघ्र मुक्त होता है। ध्यान से च्युत व्यक्ति नष्ट हो जाता है। ध्यान से शीघ्र कर्म क्षय कर लेता है।

प्राकृत वाक्यों का अनुवाद कीजिए

जो इमातो दिआतो वा अणुदिसातो वा अणुसंचरंति, सव्वातो दिसातो, सव्वातो अणुदिसातो सहेति, अणेग-रुवातो जोणीतो संधेति विरुव-रुवे फासे पडिसेवेदयति। (आ 1/1/6) तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरं पंचहत्थुत्तरे यानि होत्था हत्थुत्तराहिं चुते, चइत्ता गर्भ वक्कंते, हत्थुत्तराहिं गब्भातो गब्भं साहरितेस, हत्थुत्तराहिं जाते, हत्थुत्तराहिं सव्वतो सव्वताए मुंडे भवित्ता अगारातो अणगारियं पव्वइते, इत्थुत्तराहिं कसिणे पडिपुण्णे अव्वाघाते णिरावरणे अणंते अणुत्तरे केवल-वर-णाण-दंसणे समुप्पण्णे सातिणा भगवं परिणिव्वुते।

नियम निर्देश

1. अवादाणे पंचमी। यथा-पावातो विरमति। कम्मातो मुरुए।
2. जुगुच्छ-विराम-पमादत्थे पंचमी। पावातो जुगुच्छते। पावातो विरमति। धम्मातो पमादयते।
3. भयत्थे पंचमी। भय अर्थ में पंचमी होती है। यथा-पावातो भएति। कम्मातो विभेति। चोरातु विभेति। सप्पाठ विभए।

4. हेउत्थे वि। हेतु अर्थ में भी पंचमी होती है। णियमातो सम्मदिट्ठी।
5. वारणत्थे पंचमी-निवारण अर्थ में पंचमी होती है। पावातो णिवारयइ।
6. परा + जि अर्थ में पंचमी होती है। अज्झयणातो पराजयते।
7. ववधाणत्थे पंचमी। व्यवधान अर्थ में पंचमी होती है। वीरो णिलीयते कम्मातो
8. उप्पत्ति-जोगे पंचमी। उत्पत्ति के योग में पंचमी होती है। गंगा पहवेति हिमालयातो। णम्मादा अमरकंटकातो पहवेति।
9. लज्जि रत्थे पंचमी। लज्जा अर्थ में पंचमी होती है। ससुरातो बहू लज्जेति।
10. विणत्थे। विना के अर्थ में पंचमी होती है। सेवातो बिना ण फलं।
11. दिशा, विदिशा या अन्य किसी स्थान से आने या जाने में भी पंचमी का प्रयोग होता है। सो दाहिण दिसाओ आगच्छइ = वह दक्षिण दिशा से आता है। ते उवासगा पासाओ विरमंति = वे/वे दोनों/वे सब श्रावक पाप से दूर होते हैं।

	एक वचन	बहुवचन
पंचमी-	जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ	जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ
(पुं.)	जिणाहि, जिणाहिंतो, जिणा	जिणाहि, जिणाहिंतो, जिणासुंतो
		जिणेहि, जिणेहिंतो, जिणेसुंतो

नपुसंकलिंग में उक्त प्रकार से ही रूप बनेंगे।

स्त्रीलिंग	मालाओ, मालाउ	मालाओ, मालाउ
	मालाए, मालाइ	मालाहि, मालाहिंतो, मालासुंतो
सर्वनाम (पुं.) (नपुं.)	सव्वत्तो, सव्वाओ, सव्वाउ	सव्वत्तो, सव्वाओ, सव्वाउ
	सव्वाहि, सव्वाहिंतो	सव्वाहि, सव्वाहिंतो, सव्वासुंतो
		सव्वेहि, सव्वेहिंतो, सव्वेसुंतो
स्त्री (सर्व.)	सव्वाओ, सव्वाउ	सव्वाओ, सव्वाउ, सव्वाहि
	सव्वाए, सव्वाइ	सव्वाहिंतो, सव्वासुंतो

सम्बन्ध कारक

संबंध कारक-का, की, के (संबंधत्थे छट्ठी) सम्बंध अर्थ में षष्ठी विभक्ति होती हैं। यथा-वीरस्स मातु पिअकारिणी। आइरियस्स एस उवएसो अत्थि।

वाक्य प्रयोग

सत्तियाण वा राईण वा कुराईण वा रायपेसियाण वा रायवंसट्ठियाणं वा अंतो वा बाहि वा गच्छंताणं वा संणिविट्ठाणं वा विमंतेमाणाणं वा अणिमंतेमाणाण वा असणं वा लाभे संते णो पडिगाहेज्जा। आ. द्वि. 1/3/346)

जस्स णं विक्खुस्स एवं भवति (आ चा 8/7/277) एगस्स अद्धमासस्स आणमंति वा पाणमंति वा उस्ससंति वा णीससंति वा। तेसिं एणं देवाणं एगस्स वास-सहस्सस्स आहारट्ठे समुप्पज्जति। (सम 2/8)

प्राकृत कीजिए

वैशाली गणराज्य का शासक चेटक, चेटक की पुत्री त्रिशला, त्रिशला का पुत्र महावीर, महावीर का शासन जिनशासन जो इस समय चल रहा है, वह अमर है। उस शासन के श्रावक-श्राविका हैं। श्रमण-श्रमणी उनके वचन पढ़ते हैं। जो सूत्र हैं, आगम हैं। आगम का सार आचार है। वे आचार का आचरण करते हैं। ज्ञान की शोभा आगम से है। चारित्र की पवित्रता आचरण से है। दर्शन का नाम श्रद्धा है, प्रबल विश्वास, उत्तम विश्वास का यही कारण है।

नियम-निर्देश

1. छट्ठी हेउप्पजोगे-हेतु प्रयोग में षष्ठी होती है। यथा-अज्झयणस्स वसति।
2. लक्खितत्थे छट्ठी-लक्षित अर्थ प्रगट करने में षष्ठी होती है। यथा-चंपा-णयरीए बहिं उज्जाणं राजपुरस्स पच्छिमो वणं।
3. अधि-इ-ज्ज-ईसत्थे छट्ठी। अधि + इ दय (दया) ईस (समर्थ होना) अर्थ में षष्ठी होती है। चंदणा णिय - कम्माण सरति। णेमी पसूण दयते। गुरु सिस्सस्स ईसते।
4. दूरंतिगत्थे छट्ठी। दूर और अन्तिक (पास) अर्थ में षष्ठी विभक्ति होती है। वणं गामस्स दूरं। महावीरस्स अंतिगं के वि णत्थि।
5. कत्ति-कम्मणो कित्ती। 'कृत्' प्रत्ययों के योग में कर्ता और कर्म में षष्ठी होती है। वीरस्स झाणं। सेणिगस्स भत्ती।
6. आयुस्स-मद्द-भद्द-कुसल-सुह-अत्थ-हितत्थे छट्ठी। छत्तस्स भद्दं।
7. जोग्ग-उचितुवजुत्त-अणुरुव-सरिसत्थे छट्ठी।
8. कड-समक्खत्थे छट्ठी। कृत ओर समक्ष अर्थ में षष्ठी होती है। धम्मस्स कडे। रण्णो समक्खे।

9. हिंसत्थे वि। हिंसा अर्थ में षष्ठी होती है। खलो पसूण हणंति।

सोचिए और समझिए

(पुं.) महावीरस्स देसणा अत्थि	समणाण/समणाणं समूहो अत्थि।
(स्त्री.) समणीए अज्झयणं अत्थ अत्थि।	समणीण/समणीणं चाउमासो अत्थि।
(नपुं.) णाणस्स सारो इमो अत्थि।	सुत्ताण सारो आयारो अत्थि।

अधिकरण कारक

सत्तमी विहत्ती-अधिकरण कारक। आधारो अहिकरणं। आधार का नाम अधिकरण है। अहिकरणे सत्तमी। यथा-मोक्खे इच्छा। झाणे उवविसति। णाणम्मि रतो। तवम्मि पवीणो। चरित्ते ठियो। गुणेसु रत्ता। आहारे कुसला।

वाक्य प्रयोग

नगर में श्रमण हैं। श्रमण पर विश्वास है। हम सब प्रार्थना में जाते हैं। हम ध्यान में लीन होते हैं। पंच परमेष्ठि - पद में पढ़ते हैं। अरिहंत में रमते हैं। सिद्ध में सिद्धि देखते हैं। आचार्य में ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप होते हैं। वे ज्ञान में रत, ध्यान में लीन, तप में प्रवीण और चारित्र में रुचि रखते हैं। तू पर्व में उपवास करता है। तुम दोनों अनगार में श्रद्धा रखते हो। मैं धर्म में प्रवीण होता हूं। वे दोनों सभा में जाते हैं।

नियम निर्देश

1. जिस समय कोई कार्य होता है। उस समय सप्तमी होती है यथा- चेत्तमासस्स तेरहम्मि जम्मो महावीरो।
2. साहु-असाहुप्पजोगे साधु और असाधु के प्रयोग में सप्तमी होती है। यथा-साहू अत्थि जिणालयम्मि। असाहू अत्थि विकालेगोचरम्मि।
3. णिमित्तातो कम्मजोगे-जहां निमित्त/प्रयोजन से कार्य किया जाता है, वहां सप्तमी होती है। कम्म खयम्मि तवे।
4. जस्स भावेण भावो। जिस भाव से दूसरी क्रिया का होना लक्षित हो वहां सप्तमी होती है। यथा-गोसु दुद्धासु गते। दिक्खासु गते सो गच्छति।
5. जहां किसी वस्तु में विशेषण द्वारा विशेषता निर्दिष्ट की जाती है, वहां सप्तमी होती है। णिद्धारणंसि सत्तमी। यथा-आइरिएसु भती।
6. णेह-आदर-अणुरागत्थे सत्तमी। स्नेह, आदर, अनुराग आदि में सप्तमी होती है। यथा-धम्मे अणुरागो, णाणंसि रुई। आगमेसु सद्धा। मुणीसुं समादरो।

7. कारणत्थे य सत्तमी। कारणवाची शब्दों के योग में सप्तमी होती है। यथा-देववसं वुड्ढिखए।
8. कुसल-णिउण-पडु-पवीण-सोण्ड-पंडित्थे सप्तमी। यथा-ववहारे कुसलो मेहकुमारो। गणहरो णाणे पंडिए। अभयकुमारा पडु कलाए।

सम्बोधन

जहां निमन्त्रण, आमन्त्रण आह्वान आदि किया जाता है, वहां सम्बोधन होता है। जैसे-सुयं मे आउसं। हे आयुष्मान्, मैंने सुना।

लज्जमाणा पुढो पास! लज्जित होता हुआ तू देख। जइणं भंते! हे भगवन् यदि ऐसा है। एवं खलु जंबु! हे जम्बू! निश्चय ही ऐसा हैं समणाउसो! हे आयुष्मान् श्रमणो! गोयमा! जीवा लहुयत्तं हव्वमागच्छंति। हे गौतम! जीव लघुता को प्राप्त होते हैं। जइ णं देवाणुप्पिया। तुब्भे मए सद्धिं पव्वयह। -देवानुप्रिय! यदि तुम प्रव्रजित होते हो तो हमारे लिए अन्य कौन सा आधार है। वीर! उपदेश दें।

समणा! तव मग्गो कडिणो अत्थि - हे श्रमणों! आपका मार्ग कठिन है।

भंते! तुमं मित्तं! हे भाग्यशाली! तुम मित्र हो। सुबुद्धी! ससो सेयो अत्थि - हे सुबुद्धि! यह ठीक है।

देवि! गच्छ धम्मझाणं कुणसु। हे देवी! तुम जाओ। धर्म ध्यान करो।

भो तेयलिपुत्ता! पुरओ पवाए - हे तेतलिपुत्र! आगे प्रपात (गर्त) है।

सुवरियं खलु भो! दोवईए। अहो! द्रौपति से अच्छा वरण किया।

सम्बोधन में प्रथमा की तरह रूप बनते हैं। इसके एकवचन में दीर्घांत प्रयोगों का प्रायः ह्रस्वांत हो जाता है। कभी-कभी ह्रस्व का दीर्घ भी होता है।

आठ–क्रिया विचार

(क) वर्तमानकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	भणइ, भणए	भणंति, भणेंति
	भणइ, भणति (अर्धमागधी)	
	भणदि (शौरसेनी)	
मध्यम पुरुष	भणसि, भणेसि	भणित्था
	भणसे	भणह भणेह (अर्धमागधी शौरसेनी),
उत्तम पुरुष	भणमि, भणेमि	भणमो, भणेमो
	भणामि	भणामो

वर्तमान काल में ज्ज, ज्जा प्रत्यय लगाकार तीनों पुरुषों के रूप बनाए जाते हैं। भणेज्ज, भणेज्जा यह प्रयोग आर्ष प्राकृतों में विशेष रूप से पाया जाता है।

अस्–है–अत्थि

	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	सो अत्थि	ते अत्थि, ताओ अत्थि, ते सन्ति, ताओ सन्ति।
मध्यम पुरुष	तुमं अत्थि, तुमं सि	तुम्हे अत्थि, तुम्हे त्था
उत्तम पुरुष	अहं अत्थि	अम्हे अत्थि, वयं अत्थि
	अहं अत्थिम्हि	अम्हे म्ह, वयं म्ह

-झा-

	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	झाइ	झांति
मध्यम पुरुष	झासि	झाइत्था
उत्तम पुरुष	झामि	झामो

दा, णी, णे आदि के रूप इसी तरह बनेंगे।

इनके प्रयोग कारक में दिए गए हैं।

सो हसइ - वह हसता है। (अकर्मक)

सो पढइ - वह पढ़ता है। (सकर्मक)

सो हसइ के बीच कर्म नहीं प्रयुक्त हो सकता।

सो पढइ के बीच कर्म 'सुत्तं' हो सकता है।

सो सुत्तं पढइ - वह सूत्र पढ़ता है। यहां सूत्र को पढ़ना कर्म है। इसलिए सकर्मक प्रयोग है। कर्म-सकर्मक क्रिया हो तो को अवश्य निकलेगा।

	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	भणेज्ज, भणेज्जा	भणेज्जा, भणेज्जा
	भणेज्ज, भणेज्जा	भणेज्ज, भणेज्जा
	भणेज्ज, भणेज्जा	भणेज्ज, भणेज्जा

सो भणेज्ज - वह कहता है, ते भणेज्जा - वे कहते हैं। तुम भणेज्ज, तुम्हे भणेज्जा, अहं भणेज्ज - मैं कहता हूं। अम्हे भणेज्जा - हम/हम दोनों/हम सब कहते हैं। सो हसेज्ज/हसइ। ते/ताओ हंसति। तुमं हसेज्जा/हससि।

भवि-काल-भविष्यत् काल - गा, गी, गे

	एगवयणं	बहुवयणं
पढम पुरिस	भणिस्सति, भणेस्सति, भणिस्सते	भणिस्संति, भणेस्संति
	भणिस्सइ, भणेस्सइ, भणिस्सए	भणिस्संते, भणेस्संते
	भणिहिति, भणेहिति, भणिहिति	भणिहिंति, भणेहिंति
	भणिहिइ, भणेहिइ, भणिहिए	भणिहिंते, भणेहिंते

मध्यम पुरुष	भणिस्ससि, भणेस्ससि, भणिस्ससे	भणिस्सह, भणेस्सह, भीणस्सित्था।
	भणिहिसि, भणेहिसि, भणिहिसे	भणिहिह, भणेहिह, भणिहित्था
उत्तम पुरुष	भणिस्समि, भणेस्समि	भणिस्समो, भणेस्समो
	भणिस्सामि, भणेस्सामि	भणिस्सामो, भणेस्सामो
	भणिहिमि, भणेहिमि	भणिस्समु, भणेस्समु
	भणिहामि, भणेहामि	भणिस्सामु, भणेस्सामु
	भणिस्सा, भणेस्सा	भणिस्सम, भणेस्सम
	भणिस्स, भणिस्सं	भणिहिमो, भणेहिमो
		भणिहिमु, भणेहिमो
		भणिहामु, भणेहामु
		भणिहिम, भणेहिम
		भणिहाम, भणेहाम

वाक्य प्रयोग

महावीर चंपा नगरी में आएंगे, वहां ध्यान करेंगे। लोगों को तत्त्व उपदेश देंगे। वे कहेंगे – जो/ तत्त्व ज्ञान करेगा, तत्त्व श्रद्धान करेगा, वह सम्यक्त्व प्राप्त करेगा। ज्ञान से आत्म विशुद्धि को प्राप्त होगा और उसकी विशुद्धि मुक्तिपथ को प्राप्त कराएगी।

निम्न धातुओं का भविष्यत् काल में प्रयोग कीजिए

अच्च, असूय, आस, अधीय (अधि + आ - पढ़ना), इच्छ, इक्ख (ईक्ष - देखना), कंप (कम्प् - कांपना), कोव (कुप् - क्रोध करना), कस्स (कर्ष् - खींचना), कुद्द (कूर्द् - कूदना), कप्प (कृप् - समर्थ होना), किर (कृ - बिखेरना), कंद (क्रन्द), कम (क्रम - चलना), कीण (क्री - खरीदना), किलिम (क्लम् - थकना), खम, छाल (क्षत् - धोना), खिव (क्षिप् - फैंकना), खुह (क्षुभ् - क्षुभित होना), खण, गज्ज, गवेस, जुगुच्छ (गुप् - निन्दा करना), घोस (घुष् - घोषणा करना), चिण (चि - चुनना), चोर (चुर् - चुराना), छिण्ण (छिद् - काटना), जण, जिण्ण (जृ - जीर्ण होना), जल (जलना), डीय (डी - उड़ना), तड - पीटना, तण (तव् - फैलाना), तव (तर्क), तज्ज (तर्ज् - डांटना), तोल (तुल - तोलना), तस (तुष् - तुष्ट होना), तिप्प (तृप् - तृप्त करना), तप (त्रप् - लजाना), धार (धारण करना), पेरय (प्रे + ईर् प्रेरणा देना), बाध (पीड़ा देना), भक्ख (भक्ष् -

खाना), भाज (भ्राज् - चमकना), मथ (मथना), सिव (सीना), सिज (सृज् - रचना)। विहर (विचरण करना), जाण (समझना) खम (क्षमा करना)।

प्राकृत वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए

भवसिद्धिया जीवा जे अट्ठा वीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिणिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंत करिस्संति। (समवायांग पृ. 82)

निम्न क्रियाओं से पूर्व कर्ता एवं कर्म का प्रयोग कीजिए

आणवखेक्खामि, सातिण्जिस्सामि, दलियिस्सामि, लिहिहिइ, चिंतिहिंति, जाणिस्संति, मुणेहिसि, मुणिस्सह, गच्छेहिह, रोचिस्सइ, वइस्संति।

नियम

(1) भविष्यत् काल में ज्ज, ज्जा प्रत्यय लगाकार तीनों पुरुषों के रूप बनाए जाते हैं।

(2) भविष्यत् काल में कुछ क्रियाओं के आदेश होते हैं, जिनके कारण 'हिं या स्स' का प्रयोग नहीं करना पड़ता है। (1) सोच्छ (श्रु), सोच्छामि - सुनुंगा (2) गच्छ (गम्) गच्छामि - जाऊंगा (3) रोच्छ (रुदि) रोच्छामि - रोऊंगा (4) वोच्छ (वद्) वोच्छामि - कहूंगा (5) दच्छ (दृश्) दच्छामि - देखूंगा (6) मोच्छ (मुच्) मोच्छामि - छोड़ूंगा (7) वेच्छ (विद्) वेच्छामि जानूंगा (छेच्छ - छिद्) छेच्छामि - छेदूंगा (8) भेच्छ (भिद्) भेच्छामि - भेदूंगा भोच्छ (भुज्) भोच्छामि - खाऊंगा।

(3) उक्त क्रियाओं में वर्तमानकाल सम्बन्धी प्रत्यय लगाकार सभी रूप बनाए जाते हैं।

विधि/आज्ञा प्रयोग

	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	भणतु, भणेतु, भणउ, भणेउ	भणंतु, भणेंतु
मध्यम पुरुष	भणसु, भणेसु, भणहि, भणेहि भण, भणि	भणह, भणेह
उत्तम पुरुष	भणमु, भणेमु, भणिम	भणमो, भणेमो, भणिमो

वाक्य प्रयोग

तुम्हे वेरग्गपुव्वं चिंतेह। अच्छेरियं दिक्खा ण होतु। णाणिस्स दिक्खं हेतु। ते

पवयणं सुणेंतु। आयारंग-आगमे चारित्तस्स वण्णसु तुमं अज्ज चिंतेहि। तुम्हे वीयरागस्य वयणं सुणेह। मा बाधयेसि। अहं भाजमो। अम्हे पेरयमु। मे खमहु। अहं हिंडामि।

प्राकृत में अनुवाद कीजिए

संयोगों से रहित अनगार या भिक्षु विनय का आचरण करे। विनय के विचारों को सुने। जो तू इष्ट समझे, उसे तू पालन कर। तुम आचरण करो, उस पर ध्यान दो। वीतराग वाणी को समझो। गुरु की आज्ञा, निर्देश, उपकार आदि को पहचान। श्वान, शूकर और मनुष्य के दृष्टांत को समझो। प्रमत्त जन, हिंसक और अविरत जन इस तरह विचारें। मोक्ष है, कृत कर्मों के लिए मोक्ष नहीं है। इस संसार में वित्त से त्राण कैसे? विचारो, उठो। तुम सब मोह को छोड़ो, परिग्रह त्यागो, विषय-प्रवृत्ति से हटो, जागृत होओ तथा आत्मज्ञानी बनो। मुझसे सुनो-सब भिक्षुओं, सभी अनगारों एवं साधकों में ऐसी रूचि बने, कि वे विषय-लीला से मुक्त हो जाएं।

नियम-विधि काल में ज्ज, ज्जा प्रत्यय लगाकार प्रथम मध्यम उत्तम पुरुष के सभी रूप बनाए जाते हैं।

प्रथम पुरुष	भणेज्ज, भणेज्जा	भणेज्ज, भणेज्जा
मध्यम पुरुष	भणेज्ज, भणेज्जा	भणेज्ज, भणेज्जा
उत्तम पुरुष	भणेज्ज, भणेज्जा	भणेज्ज, भणेज्जा

भूतकाल-	इंसु, एंसु (अर्धमागधी)	
	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	भणिंसु, भणेंसु	भणिंसु, भणेंसु
मध्यम पुरुष	भणिंसु, भणेंसु	भणिंसु, भणेंसु
उत्तम पुरुष	भणिंसु, भणेंसु	भणिंसु, भणेंसु

भूतकाल में भणेज्ज, भणेज्जा जैसे प्रयोग तीनों पुरुषें एवं दोनों वचनों में समान रूप से होते हैं। साहित्यिक प्राकृत में 'ईअ' प्रत्यय होता है। यथा-भणीअ।

वाक्य प्रयोग

से/सो भणिंसु - उसने कहा। ते भणिंसु - उन्होंने कहा। तुमं भणेसु - तूने कहा। तुम्हे भणिंसु - तुम सबने कहा। अहं भणिंसु - मैंने कहा। अम्हे भणिंसु - मैंने कहा।

प्राकृत वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए

ते हंता हंता बहवे कंदिंसु। पुट्ठो वि णाभिभासिंसु। अभिरुज्झ कायं विहरिंसु।

आरुसियाणं तत्थ हिंसिंसु। संबुज्झमाणे पुणरवि आसिंसु भगवं।

जाणवया लूसिंसु। समणा तत्थ एव विहरिंसु। परिस्सहाइं लुंचिंसु।

पंसुणा अवकरिंसु। आसणाओ खलइंसु। उच्चातइयं णिहणिंसु।

नियम

(1) प्राकृतों में भूतकाल के लिए पृथक् रूप नहीं, अपितु वचन, लिंग एवं पुरुष के अनुसार क्रियाओं में विभक्ति सूचक प्रथमांत प्रत्यय लगा लिए जाते हैं। यथा – सो गओ, महावीरेण पण्णत्तो। चंदणा समगया। अंजणा दुही जाया। आसिंसु = खड़े, लूसिंसु = कष्ट दिया, लुंचिंसु = लोचा, अवकरिंसु = ढका।

(2) महाराष्ट्री प्राकृत में 'ईअ' प्रत्यय लगाकर तीनों पुरुषों में समान रूप बनाए जाते हैं।

प्रथम पुरुष	भणीअ	भणीअ
मध्यम पुरुष	भणीअ	भणीअ
उत्तम पुरुष	भणीअ	भणीअ

प्राकृत में अनुवाद कीजिए

वे महावीर चंपा नगरी में आए। उन्होंने जनपद के लोगों को प्रवचन दिया। उन्होंने कहा, समझाया, बोध कराया, ज्ञान दिया, तत्त्वचिंतन प्रस्तुत किया। तृतस्पर्श, शीतस्पर्श, तेजस्पर्श और दंक्षमशक भी परिषह हैं। जो इनको सहन करता है। वह मोक्ख की साधना में सफल होता है। जो वीर हैं, उन्होंने ही नाना प्रकार की वज्रभूमि, शुभ्रभूमि के प्रान्तों की शय्याओं का सेवन किया। उन्होंने दंडों, मुष्टि, कपालों एवं मिट्टि के ढेलों को सहन किया। जिन्हें आसन से गिराया, वे ही ऊंचे हुए उत्कृष्ट मार्ग की ओर गए। सिद्धि गति को प्राप्त हुए।

नौ–कृदन्त विचार

किर्यंत-पजोग-(कृदंत प्रयोग)

धातुओं के अन्त में जोड़कर जिस प्रत्यय द्वारा संज्ञा, विशेषण और अव्यय के वाचक शब्दों को बनाया जाता है, उन्हें कृत् कहते हैं तथा उनके योग से बने शब्दों को कृदन्त कहते हैं। यथा–भण + न्त = भणंत = भणंतो। भणंतो बालो अत्थ आगच्छति। आगच्छइ। पढंता बाला चिंतइ।

कृदन्त

(1)	वर्तमानकालिक कृदंत – न्त, माण – हुआ	(शतृ, शानच्)
(2)	भूतकालिक कृदन्त – त/य –	(क्त)
(3)	भविष्यत्कालिक कृदन्त – न्त, माण से पूर्व 'हि' या 'स्स' का प्रयोग	
(4)	पूर्वकालिक कृदन्त (सम्बन्ध कृदंत) तूण, तूणं, ऊण, ऊण, दूण, दूणं	(क्त्वा)
(5)	निमित्तार्थक कृदंत (हेत्वर्थ कृदन्त) तुं, उं, दुं	(तुमुन्)
(6)	विध्यर्थ कृदंत (विधि – अर्थक कृदन्त) तव्व, दव्व, यव्व	(तव्यत्)

(क) वर्तमानकालिक कृदन्त

(1) वर्तमान काल का बोध कराने के लिए 'न्त' और 'माण' इन दो प्रत्ययों का प्रयोग किया जाता है।

	पुलिंग	स्त्रीलिंग	नपुसंकलिंग
लघ/लव	लघंतो	लघंता/लघंती	लघंतं
लिह	लिहंतो	लिहंता/लिहंती	लिहंतं

वस	वसंतो	वसंता/वसंती	वसंतं
सक्क	सक्कंतो	सक्कंता/सक्कंती	सक्कंतं
सास	सासंतो	सांसता/सांसती	सासंतं
सिज	सिजंतो	सिजंता/सिजंती	सिजंतं
चिट्ठ	चिट्ठंतो	चिट्ठंता/चिट्ठंती	चिट्ठंतं
फास	फासंतो	फासंता/फासंती	फासंतं
सय	सयंतो	सयंता/सयंती	सयंतं
सर (स्मद्)	सरंतो	सरंता/सरंती	सरंतं
हर (हृ)	हरंतो	हरंता/हरंती	हरंतं

क्वचित् 'न्त' एवं 'माण' प्रत्ययों से पूर्व प्राकृत में 'अ' का 'ए' या 'अ' का 'इ' भी होता है।

आत्मनेपदी धातुओं में 'माण' प्रत्यय

धातु	पुलिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
इक्ख (ईक्षु)	इक्खमाणो	इक्खमाणा/इक्खमाणी	इक्खमाणं
कंप	कंपमाणो	कंपमाणा/कंपमाणी	कंपमाणं
कर	करमाणो	करमाणा/करमाणी	करमाणं
जण	जणमाणो	जणमाणा/जणमाणी	जणमाणं
तुर (त्वर)	तुरमाणो	तुरमाणा/तुरमाणी	तुरमाणं
ताय (त्रै)	तायमाणो	तायमाणा/तायमाणी	तायमाणं
दय	दयमाणो	दयमाणा/दयमाणी	दयमाणं
दिप्प	दिप्पमाणो	दिप्पमाणा/दिप्पमाणी	दिप्पमाणं
णय	णयमाणो	णयमाणा/णयमाणी	णयमाणं
(मन)	मण्णमाणो	मण्णमाणा/मण्णमाणी	मण्णमाणं
जत (यत्)	जतमाणो	जतमाणा/जतमाणी	जतमाणं
जुज्झ (युध्)	जुज्झमाणो	जुज्झमाणा/जुज्झमाणी	जुज्झमाणं
लह	लहमाणो	लहमाणा/लहमाणी	लहमाणं

वंद	वंदमाणो	वंदमाणा/वंदमाणी	वंदमाणं
वत्त/वह	वत्तमाणो	वत्तमाणा/वत्तमाणी	वत्तमाणं
वड्ढ	वड्ढमाणो	वड्ढमाणा/वड्ढमाणी	वड्ढमाणं
विथ	विथमाणो	विथमाणा/विथमाणी	विथमाणं
सय (शी)	सयमाणो	सयमाणा/सयमाणी	सयमाणं
सेव	सेवमाणो	सेवमाणा/सेवमाणी	सेवमाणं
सह	सहमाणो	सहमाणा/सहमाणी	सहमाणं

उभयपदी पुलिंग धातुओं में न्त, माण प्रत्यय

कर	करंतो	करमाणो
छिंद	छिंदंतो	छिंदमाणो
जाण	जाणंतो	जाणमाणो
धाव	धावंतो	धावमाणो
णय	णयंतो	णयमाणो
पच	पचंतो	पचमाणो
लिह	लिहंतो	लिहमाणो
वह	वहंतो	वहमाणो
दुह	दुहंतो	दुहमाणो
तण	तणंतो	तणमाणो
दह	दहंतो	दहमाणो

वाक्य प्रयोग

एगे पवयमाणा - कोई कहते हुए। लज्जमाणा पुढो पास - लज्जित होते हुए देख। सत्थं समारंभमाणे - शस्त्र समारम्भ करते हुए। सत्थ समारंभमाणे समणुजाणति - शस्त्र समारम्भ करते हुए अनुमोदन करता है। आरंभमाणा विणयं वदंति - आरंभ करते हुए विनय का उपदेश करते हैं। से अबुज्झमाणे हतो - वह अबुद्ध होता हुआ दुःखी है। एगं विगिंचमाणे पुढो विगिंचति पुढो विगिंचमाणे एगं विगिंचति - एक को जीतने वाला दूसरे को जीताता है, जो दूसरे को जीतने वाला है, वह एक को जीतता है। संसार पडिवण्णाणं संबुज्झमाणाणं - संसार प्रतिपन्न/स्थित सम्यक् बोध वालों के लिए। इंदिएहिं गिलायंतो समियं साहरे मुणी - इन्द्रियों से ग्लान करते हुए मुनि समत्व

को धारण करते हैं। परिक्कमे परिकिलंते - अदुवा चिट्ठे अहायते - बैठे हुए थक जाने पर अथवा थक जाने पर बैठ जाए

प्राकृत वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए

रुदंती चंदणा अत्थ चिट्ठइ। सा वीरं झायमाणा हवति। पंथपेही चरे चरमाणे। एस विधि अणुक्कंतो। अत्थं च धम्मं च वियाणमाणा लुब्भे णं कुप्पह। पाणाइं अकुव्वमाणो सोयति। सं कमसो अणुणंतं णिमंतयंतं च। परितप्पमाणं लालप्पमाणं सततं। ओसज्झमाणा परिरक्खियंता तं णेव भुज्जो वि समायरामो। फासा फुसंती असमंजसं।

(ख) भूतकालिक कृदंत - 'त', 'य'

(1) भूतकाल कृदंत में 'त' (क्त) प्रत्यय लगता है। 'स' प्रत्यय सकर्मक धातुओं में कर्मवाच्य के लिए होता है। मए कज्जाणि किते/कडे। कए/किए।

(2) अकर्मक धातुणों में 'त' प्रत्यय जुड़ने पर विशेषण नहीं होता उससे बना हुआ शब्द नपुंसकलिंग में ह होता है। यथा - जयणामो जिणक्खातं पत्तो - जय ने जिनोक्त दीक्षा धारण की।

(3) अकर्मक धातुओं में भाववाच्य होता है। भाववाच्य में कर्ताकारक में तृतीया विभक्ति होती है और कर्म का अभाव होता है। यथा-तुमं भूतो - तू हुआ (कर्तृवाच्य) तुए भूतो - तेरे द्वारा हुआ।।

धातु	त	व
अधि + इ	अधीतो	अधीतवं/अधीतवंतो
अणविस	अणविसिते	अणुविसितवं, अणविसंतो
अच्च	अच्चिते	अच्चितवं
अस	भूते	भूतवं
आकण्ण	आकण्णिते	आकिण्णंत
आप	अत्ते	अत्तवं
आरंभ	आंरभे/आरद्धे	आरंभवं/आरद्धवं
आरुढ	आरुढे	आरूढवं
आ + लंब	आलंबिते	आलंबितवं
इक्ख	इक्खिते	इक्खितवं

'तं' प्रत्यय का प्रयोग भूतकाल या समाप्ति अर्थ में किया जाता है।

वाक्य प्रयोग

अहं पढिते - मैंने पढ़ा। केवली वूया - केवली ने कहा। अकडं नो कडे - अकृत/कुकृत्य को नहीं करे। अप्पा हु खलु दुद्दमो - आत्मा ही दुर्दम है। आउक्खए चुया - आयुक्षय से च्युत हुए। हत्थगया इमे कामा - ये काम हस्तगत हैं। महावीरेण देसितं - महावीर के द्वारा कहा गया। जीमजीवं तेण णिछिट्ठो।

भूत कृदन्त के भेद

(1) सामान्यभूत कृदन्त - गते, हसिते, चलिते, हसिते आदि।

– गए/गओ, हसिओ, चलिओ, पण्णतो।

(2) प्रेरणार्थक कृदंत - क्रिया में आवि, आवे आदि प्रेरणासूचक प्रत्यय से प्रेरणार्थक कृदंत बनते हैं। यथा- पुढविसत्थं समारंभावेति - समारंभ - सम + आरंभ + आवे + ति - समारंभवेति - समारंभ करवाता है।

भण	भणावि/भणावेतं	कारिविर्ति/कारिवेतं	मुणावितं/मुणावेतं
हस	हसावि/हसावेतं	हसावितं/हसिवेतं	मुणावितं/सुणावेतं

(3) अनियमितभूत कृदन्त-जिन कृदन्तों में नियम न लगकर सहज रूप में प्रयुक्त हो जाते हैं। वे अनियमित कृदंत हैं। यथा-

सुयं/सुतं मे आउसं। आयुष्मन् मैंने सुना। णो णातं भवति - ज्ञात नहीं है। सव्वातो अणुदिसातो जो आगतो - जो सभी दिशाओं से आया है। भगवता परिण्णा पवेदिता - भगवन ने परिज्ञा कही। तिविधा इढडी पण्णत्ता - तीन प्रकार की ऋद्धियां प्रज्ञप्त हैं। सरट्ठाणा विद्यायिता - स्वर स्थान कहे गए।

निम्न प्राकृत वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए

भगवता महावीरेणं कासवेणं पवेदिता। समणो किह जाओ।

सव्वं विलवियं गीयं सव्वं णट्टं विछवियं।

सव्वे आभरणा भारा, सव्वे कामा दुहावहा।। उत्त. 13/16।।

कम्मा नियाणप्पगडा तुमे राय! विचिंतिया।

तेसिं फलविवागेण विप्पओगमुवागआ।। उत्त. 13/8।।

सच्च-सोयप्पगडा कम्मा मए पुरा कडा।

ते अज्ज परिभुंजामो, किं तु चित्ते वि से तहा।। उत्त. 13/9।।

गलेहिं मगरजालेहिं मच्छो वा अवसो अहं।

उल्लिओ फालिओ गहिओ मारिओ अ अणंतसो।। उत्त. 19/15।।

कुहाड-फरसुमाईहिं वड्ढईहिं दुमो विव।

कुट्टिओ फालिओ छिन्नो तच्छिओ य अणंतसो।। 9/67।।

याद कीजिए

गया - गए, कडं - किया, पणट्ठं - नष्ट हुआ, ठितं - स्थित हुआ, हतं - मारा गया। अक्खातं - कहा गया। छिण्णो - तोड़ा, जिए - जीना। रिए - विचरण किया।

(ग) भविष्यत् कृदंत

चर + इस्स + न्त - चरिस्संतो, चर + इस्स + माण - चरिस्समाणो (पुं.)

भण + इस्स + न्त - भणिस्संते, भण + इस्स + माण - भणिस्समाणे। (पुं.)

चिंत + इस्स + न्त - चिंतिस्संतो, चिंत + इस्स + माण - चिंतिस्समाणी (स्त्री)

(घ) पूर्वकालिक कृदन्त (सम्बन्ध कृदन्त)

तूण/तूणं (क्त्वा)

पूर्वकालिक कृदन्त (कर या करके) का अर्थ व्यक्त करने के लिए तूण/तूणं, दूण, दूणं, ण/ऊणं तुं/उं आदि प्रत्यय लगाए जाते हैं।

तूण - इस प्रत्यय से पूर्व क्रिया में 'अ' का 'इ' या 'अ' का 'ए' भी हो जाता है।

भण + तूण - भणितूण/भणेतूण, भणितूणं/भणेतूणं, भणिऊण/भणेऊण भणिऊणं/भणेऊणं - कहकर। सोभणिऊण गच्छइ।

अन्य प्रत्यय ट्टु :– कट्टु। इय – चिंतिय।

म्म – णिसम्म (उ. सू. 75)

च्च आहच्च सवणं लद्धुं सद्धा परमदुल्लहा।

सोच्चा मेआउयं मग्गं वहवे परिभस्सइ।। (उत्त. 3/9)

च्चा किच्चा, सोच्चा अहं गच्छामि। ते सोच्चा उवएसंति।

त्ता – गेण्हित्ता, करित्ता, जयित्ता, मुणेत्ता।

त्तु – गेण्हित्तु करित्तु, जयत्तु, मुणेत्तु।

आय – धम्ममादाय, गेहिं परिण्णाय (आ चा 6/2/184) उट्ठाय

आत- धम्मात, परिण्णात (उ. सू. प. 75)

(च) निमित्तार्थक कृदन्त (हेत्वर्थ कृदन्त) - उं तुं (अर्धमागधी) दुं (शौरसेनी) प्रत्यय का अध्ययन के लिए होते हैं।

तुमं गहिउं पढसि - तुम ग्रहण करने के लिए पढ़ते हो। तुम्हे मुणेउं गच्छह - तुम सब समझने के लिए जाते हो।

अहं सुणिउं आगच्छामि - मैं सुनने के लिए आता हूं। अम्हे णच्चिउं गच्छामो - हम सब नाचने के लिए जाते हैं। ते चिंतिउं चिट्ठति - वे सोचने के लिए ठहरते हैं।

(ज) विध्यर्थ कृदन्त - (तव्व, अव्व, यव्व) तव्व (अर्धमागधी) दव्व (शौरसेनी) प्रत्यय का प्रयोग होता है।

गंतव्वं चिट्ठियव्वं णिसीयव्वं तुयट्टियव्वं भुंजियव्वं भासियव्वं संजमियव्वं पमाएयव्वं। (उत्तराध्ययन पृ. 74)

हिन्दी कीजिए

सो गच्छंतो हसइ। ते पदमाणा छत्ता अत्थ णिवसंति।

ताओ णच्चंताओ बालाओ तत्थ गच्छंति। तुमं चिंतिउं गइ। तुम्हे आराहिउं देवालयं बजंति। अहं णमिऊण गच्छामि। ते सोच्चा लिहंति।

प्राकृत कीजिए

यह बालक खेलता हुआ गिरता है। गिरकर उठता है। चलने के लिए हाथ पकड़ता है। हाथों में हाथ लेता हुआ हंसता है। वे देखते हुए कहते हैं। तुम वीर हो। सर्प बगीचे से निकलता है, जिसे पकड़कर उद्यान से बाहर फेंक देता है। रोते हुए बालक हंसते हैं। वे वहां आने के लिए कहते हैं। महावीर सोचकर कहते। ठहरो। तुम सब वहाँ बैठो ऐसा निर्देश किया। धर्म कहा। लोगों ने व्रत लिए। स्वाध्याय किया। वचन सुने, आराधना की, उपासना की, फिर नियम धारण किए। वे जहाँ से आए थे, वहाँ चले गए।

दश–सर्वनाम विचार

सर्वनाम - जो संज्ञाओं के स्थान पर प्रयुक्त किए जाते हैं। जैसे सो गच्छइ। ते गच्छंति। सो समणो उवएसइ। सर्वनाम में पुलिंग, स्त्रीलिंग और नपुसंकलिंग तीनों ही लिंग होते हैं।

सर्वनाम के भेद

(1) पुरुषवाचक

(क) उत्तम पुरुष (first Person) - अहं गच्छामि, अम्हे गच्छाओ।

(ख) मध्यम पुरुष (Second Person) - तुम गच्छसि, तुम्हे गच्छित्था / गच्छह।

(ग) अन्य पुरुष (Third Person) - सो गच्छइ, ते गच्छंति।

(2) निश्चयवाचक (Demonstrative Pronoun) एसो गच्छइ - ये जाते हैं। एए गच्छंति - ये जाते हैं। सो लिहइ - वह लिखता है। ते लिहंति - वे लिखते हैं। इमो भणइ - यह कहता है। इमे भणंति - ये कहते हैं।

(3) अनिश्चयवाचक (Indefinite Pronoun) किंचि अत्थि - कोई है। सव्वे वाला - सभी बालक। सव्वेहि - सभी के द्वारा।

(4) सम्बन्ध वाचक (Relative Pronoun) जो गच्छइ, जे गच्छंति।

(5) प्रश्नवाचक (Interrogative Pronoun) को गच्छइ? के गच्छन्ति?

पुलिंग सर्वनाम 'सव्व'

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	सव्वो	सव्वे
द्वितीया	सव्वं	सव्वे, सव्वा

तृतीया	सव्वेण, सव्वेणं	सव्वेहि, सव्वेहिं
चतुर्थी	सव्वस्स	सव्वाण, सव्वाणं, सव्वेसिं
पंचमी	सव्वत्तो, सव्वाओ	सव्वत्तो, सव्वेहि, सव्वेहिंतो
षष्ठी	सव्वस्स	सव्वाण, सव्वाणं, सव्वेसिं
सप्तमी	सव्वम्मि, सव्वस्सिं, सव्वे	सव्वेसु, सव्वेसुं।

नियम- 'सव्व' पुलिंग सर्वनाम की तरह क, ज, त, उहय, इम, आदि के रूप भी बनते हैं।

नपुसंकलिंग सर्वनाम 'सव्व'

प्रथमा	सव्वं	सव्वाणि, सव्वाणिं, सव्वाइं
द्वितीया	सव्वं	सव्वाणि, सव्वाणिं, सव्वाइं

नियम- शेष तृतीया से सप्तमी तक पुलिंग की तरह रूप बनेंगे।

स्त्रीलिंग 'सव्वा'

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	सव्वा	सव्वाओ
द्वितीया	सव्वं	सव्वाओ, सव्वाउ
तृतीया	सव्वाए, सव्वाइ	सव्वाहि, सव्वाहिं
चतुर्थी	सव्वाए, सव्वाइ	सव्वाण, सव्वाणं
पंचमी	सव्वाए, सव्वाइ	सव्वाहि, सव्वाहिंतो, सव्वासुंतो
षष्ठी	सव्वाए, सव्वाइ	सव्वाण, सव्वाणं
सप्तमी	सव्वाए, सव्वाइ	सव्वासु, सव्वासुं।

'अम्ह' सर्वनाम शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	अहं, हं	अम्हे
द्वितीया	मं, ममं	अम्हे
तृतीया	मए, मया	अम्हेहि, अम्हेहिं
चतुर्थी	मम, मम्ह, अम्ह, मे, महं	अम्हाण, अम्हाणं

पंचमी	ममत्तो, ममाओ	ममत्तो, ममाओ
षष्ठी	मम, मह, मम्ह, मे, महं	अम्हाण, अम्हाणं
सप्तमी	ममंहि मम्हि	अम्हेसु, अम्हेसुं।

'तुम्ह' सर्वनाम शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	तुमं	तुम्हे
द्वितीया	तुम, तुमं, तुं	तुम्हे
तृतीया	तए, तया	तुम्हेहि, तुम्हेहिं
चतुर्थी	तुमं, तुहं, तुम्म, तुम्ह	तुम्हाण, तुम्हाणं
पंचमी	तुमत्तो, तुमाओ	तुमाहि, तुम्हाहिंतो।
षष्ठी	तुमं, तुहं, तुम्ह, तुम्ह	तुम्हाण, तुम्हाणं
सप्तमी	तुमंहि, तुम्हिं	तुम्हेसु, तुम्हेसुं।

हिन्दी कीजिए

सा पहावई देवी, तीसे पभावईए देवीए पुत्तो आसि। ते साली णवएसु घडएसु पक्खिवंति। ते साली ववंति। तस्स धण्णस्स सत्थवाहस्स चउत्था पुत्ता, सुण्हाओ होत्था। चउण्हं सुण्हाणं आमंतेइ सो। तुमं रमे पंच सालिअक्खइ जाएज्जा। सा उज्झिया एममट्ठं पडिसुणेइ। मम हत्थाओ गेण्हइ। ताओ सुण्हाओ संतुट्ठा। एए पंच सालिअक्खइ गेण्हह। अम्हं समणो समणी वा भवंति। अम्हाणं चिंतेज्जयव्वं जो उत्तमो धम्मो सा अम्हाणं अत्थि। अम्हत्ते आगाराओ रहिओ महव्वई जाया। जे महव्वई हवंति, ते सव्वओ समभावं धारेंति।

प्राकृत कीजिए

उस समय वाराणसी नगरी थी। उसके बाहर एक सुन्दर तालाब था, जिसमें निर्मल जल और सुगंधित पुण्डरीक खिले थे। वे रमणीय थे। उन्हें देखकर मन प्रसन्न होता था। वे सहस्त्र केसर युक्त थे। वहां मच्छ, मगर, गाह जाति के जलचर जीव थे। वे उस सरोवर में सुखपूर्वक विचरण करते थे। उसमें रहते हैं। उसके समीप मालुकाकच्छ था। उसमें दो पापी सियाल रहते थे। वे पापाचरण करते थे। वे मांस चाहते थे। वे दोनों मांस की गवेषण करते हुए वहां घूमते थे। अन्य किसी दिन सन्ध्या हो जाने पर वे दोनों वहां आए जहां दो कूर्मक थे। वे दोंनो वहां बैठ जाते हैं। कूर्मक किनारे आते

हैं। वे आहार की खोज करते हैं। तथा आहार की खोज करते हुए मालुकाकच्छ से बाहर निकलते हैं। वे उस किनारे के चारों और घूमते हैं।

पापी सियाल वहां पर स्थित थे। वे दोनों उन्हें देखते हैं। वे शीघ्र भागते हैं। कूर्मक/कछुआ डर जाते हैं। उसके भय से कांपते हैं। फिर वे दोनों हाथ-पैर ओर ग्रीवा को शरीर में छिपा लेते हैं। तथा वहां ही मौन स्थित हो जाते हैं। सियाल उन्हें चलाते हैं। घुमाते हैं, स्पर्श करते हैं, घसीटते हैं, क्षुभित करते हैं, नखों से फाड़ते हैं। तीक्ष्ण दांतों से चीथते हैं। उन कूर्मकों के शरीर को बाधा पहुंचाते है, फिर भी निश्चल स्थित रहते हैं।

क्रियाओं के अर्थ

आसी - थी, फुल्लिआ - खिले, दंसिऊण - देखकर, विहरंति - विचरण करते हैं। णिवसंति - रहते हैं। इच्छंति - चाहते हैं। गवेसंति - खोजते हैं। भएंति - डरते हैं। वेवंति - कांपते हैं। उव्वत्तेंति - घुमाते हैं, आसारेंति - हटाते हैं। घट्टेंति - घसीटते हैं। खोभेंति - क्षुभित करते हैं। अक्खोडेंति - फाड़ते हैं। आलुपंति - चींथते हैं। फंसेंति - स्पर्श करते हैं।

अर्थ कीजिए

सुणेमि पूयावयणं, हिय-भासणं, मिउ-महुर-भासणं च।
सुत्तागम-वयणं हं, परिचत्त-विड्ढरं च वयणं।।
सोम्म-परिमाण-वयणं, पिय-हिय-उवयार-पुण्णं वयणं च।
गुरुविणयो होइ जगे, आणा-णिद्देस-चरिमाए।।
आयार-पुण्णो गुणो दीवो दीवेज्जए अप्प-सदभावं।
खम-अज्जव-मद्दवं च, सच्च-सोच-संजम-बंह गंथं।।

ग्यारह–विशेषण

जो संज्ञा शब्दों की विशेषता व्यक्त करते हैं, वे विशेषण है। 'विसेसयणं विसेएणं' उत्तमो बालो, तिरयणं।

विशेषण के भेद

(1) संख्यावाचक (Numeral Adjective) – संख्यावाचक विशेषण से विशेष्य की संख्या का बोध होता है। एगो अप्पा, दुवे जीवा।

(क) निश्चय संख्यावाचक (Definite numeral Adjective) – जिससे निश्चित संख्या का बोध होता है। जैसे – एगो धम्मो, दुवे बाला, ति–रयणं। इस निश्चित संख्यावाचक के भी निम्न भेद हैं।

(v) गणनावाचक – एक से संख्यात, असंख्यात तक। एगो सीलो, दो अणुजा, ति–णिंदगो, चउतित्थो, पंचसमिई, छव्वाणि दव्वाणि, सत्त–पयत्था, अट्ठाणि कम्माणि, नावा पयत्था, दहधम्मो, एगारहपडिमा, बारहाणुवेक्खा आई। चोद्दह गुणट्ठाणं, पंदरह–कम्मादाणं, सोलह भावणा।

(आ)क्रमवाचक – पढमा विहत्ती, वीआ कक्खा, तइया सेणी, चउत्थी गई, पंचमंठाणं छट्ठंसो, सत्तम–सत्ता, अट्ठम–परिणामो। णव बंहचेरो, दसम अपरिग्गहो।

(इ) आवृत्तिवाचक – तावसा दुगुणं झाणं कुव्वंति। अस्सिं समए चउगुणी संखा।

(ई) समुदायवाचक – दो वि मासा अत्थि – दो ही मास हैं। तिण्णि बाला – तीनों बालिकाएं।

(उ) विभाग वाचक – सव्वे जीवा वि इच्छंति। अस्स संघस्स सव्वे समणा गुणी अत्थि। पइदिणं पडिक्कमणं कुव्वेंति समणा। गेही पइदिणं वावारं करेंति।

(ख) अनिश्चय संख्यावाचक - जिससे किसी संख्या का ज्ञान न हो। यथा - अप्प बाला अत्थि-थोड़े बालक हैं। किंचणा खणं तिट्ठंति समणा - कुछ क्षण श्रमण ठहरते हैं।

किंचि - कुछ - किंचि समणा, किंचि समणी।

केई - केई भासंति फुडं - कुछ स्पष्ट कहते हैं।

परोप्परं/अण्णुण्णं - जीवाणं परोप्परं उवयारं - एक दूसरे जीवों का उपकार

बहू - बहूणि कम्माणि अत्थि - बहुत कर्म हैं।

अणेग - अणेग गुणा अत्थि - अनेक गुण हैं।

कइवय - कइवया गेही वयाणं पालेंति - कितने ही गृहस्थ व्रतों का पालन करते हैं।

(2) परिणाम वाचक (Adjective of Quantity) जिससे माप, तोल, प्रमाण आदि का बोध होता है।

(v) तोल

(1) दस ग्राम-सुवण्ण-कंगणाणि - दस ग्राम के सुवर्ण कंगन।

(2) एगकिलोगामस्स मिट्ठण्णं - एक किलोग्राम की मिठाई।

(3) छट्ठंको धण्णं - छटांक धान्य।

(4) गुंजा रत्तिगाए तुलेंति - वे रत्ती गुंजा से तोलते हैं।

(आ) माप - तिण्णिहस्थपमाणं दंडं - तीन हाथ प्रमाण दण्ड।

पण्णास मिलिगाओ तेलो - पचास मिलिग्राम तैल।

एग लीटर पमाणं दुद्धं - एक लीटर दूध।

(इ) मुल्ल - (मूल्यवाचक) एगमालाए मुल्लो पणविंस रुप्पो - एक माला का मूल्य पच्चीस रुपया।

पंच-पण्ण किंचि णत्थि - पांच पैसे का कुछ नहीं।

सत्त सत्तर-पण्णस्स पोत्थगं - सात रुपये 70 पैसे की पुस्तक है।

अट्ठाणगा - अठन्नी, चउण्णी - चार आना, आण - आना।

दिण्णासे - दीनार सुवर्ण मुद्रा, वराडिगा - कौड़ी, रुप्पगो - रुपया।

पण्णो - पैसा।

(ई) समय वाचक - (1) अहोरत्तो - रात-दिन, कला कलेंति - मिनट तक कल शब्द करते हैं। खणो णो संजाइ - क्षण / छिन नहीं व्यतीत होता है। पक्खो हवेज्जा वासो ण जाएज्जा एक पक्ष / पखवाड़ा हो गया, पर वर्षा नहीं हुई। पलं सेजाइ - पल बीत रहा है। एगो पहरो जाओ सो ण आगओ - एक प्रहर हो गया, पर वह नहीं आया।

विकला विकला जाए - सेकंड भी समाप्त हो गए। मास खमणं किच्चा अप्पं धण्णं कुव्वइ - मास खमण करके आत्मा को धन्य करता है। घंटाए वाइत्तेणं छत्ता कक्खाए आगच्छंति - घंटा बजने से छात्र कक्षा में आते हैं। वस्सं पंचं वालो जाओ - बालक पांच वर्ष का हो गया। बालिगाणं अट्ठारहं वरसं पच्छा परिणया जाया। बालिकाओं का अठारह वर्ष बाद परिणय हो।

(3) गुण वाचक (Adjective of Quality) जिससे किसी व्यक्ति के गुण-दोषादि का ज्ञान कराया जाता है, वहां गुणवाचक विशेषण होता है। इससे जाति, क्रिया, व्यक्ति या वस्तु की विशेषता का ज्ञान होता है।

जं लिंगं जं वयणं या अ विहत्ति-विसेसस्स।

तं लिंगं तं वयणं सेव विहत्ति-विसेणस्सावि।।

(v) गुण - उत्तमो वालो - उत्तम बालक। सुसीला बालिगा - सुशील बालिका, सोहणं रुवं - शोभन रूप। सेट्ठो जणो। - उत्तम मनुष्य, सुही पाणी - सुखी प्राणी।

(आ)दोष - दुट्ठो जणो - दुष्ट मनुष्य, कुरूवा इत्थी - कुरूप स्त्री, अधमो पुरिसो - अधम पुरुष।

(इ) रंग - संखो धवलो होइ - शंख धवल होता है। किण्हाणि केसाणि - कृष्ण बाल हैं। सुवण्णो पीय-वणस्स होइ - सुवर्ण पीले वर्ण का है। आगासो णीलो - आकाश नीला है। हरिय-वणप्फई - हरित वनस्पति। रत्तो अरुणो - अरुण लाल है।

(उ) देश - भरहखेत्ते वाराणसी णयरी - भरतक्षेत्र में वाराणसी नगरी।

अमेरिगाए देसम्मि डालर पासिद्धो - अमेरिका देश में डालर प्रसिद्ध है।

वइसालीए खत्तिग-कुण्डगामे तिसलाए एगं पुत्तं दिण्णा - वैशाली क्षत्रिय कुंडग्राम में त्रिशला ने एक पुत्र को जन्म दिया।

(ऊ) दिशा - पच्छिम भागम्मि मेहा गज्जंति - पश्चिम भाग में मेघ गर्ज रहे हैं।

दाहिण–खेत्तम्मि बाहुबलिस्स विसालपडिमा – दक्षिण क्षेत्र में बाहुबली की विशाल प्रतिमका है।

(ए) आकार – वित्थिण्ण–वक्खत्थल–जुत्तो वीरो – चौड़े वक्षस्थल युक्त वीर हैं।

तिहुवणस्स आयारो मणुजवं अत्थि – त्रिभुवन का आकार मनुष्य की तरह है।

(ऐ) दशा – सो दुव्वलो णरो चिट्ठो – वह दुर्बल नर बैठा।

जो पज्जावरणं रक्खइ सो णिरोगी होइ – जो पर्यावरण की रक्षा करता है, वह निरोगी होता है।

जो सच्छो होइ हिट्ठ–पुट्ठो वि – जो स्वस्थ होता है, वह हृष्ट–पुष्ट भी होता है।

(ओ) स्थान – मंच–उच्च ठाणम्मि समणा चिट्ठंति – मंच के ऊपरी स्थान पर श्रमण बैठते हैं।

कूडा उण्णयस्स गिरिस्स राजंति – उन्नत पर्वत के कूट सुशोभित होते हैं। बहिठाणे सीयो – बाहिरी स्थान पर शीत है। अब्भिंतर – तवा छच्चेव – आभ्यन्तर तप छह हैं। बहिर–तवेण कायथिरो – बाह्य तप से काय स्थिर होता है।

(4) तुलनात्मक विशेषण (Degress of Comparison)

वस्तुओं के गुण–दोष का पारस्परिक मिलान का नाम तुलना है। जैसे – सो महत्तरो अत्थि – वह महत्तर है। वीरेण वीरमतो महावीरो – वीर से वीरतम महावीर हैं। गजिंदो थूलतमो अत्थि – गजेन्द्र स्थूलतम है। सो पेयसो अत्थि – वह अधिक प्रिय है।

साहू	साहुत्तरो/साहुयरो	साहुतमो
महं	महत्तरो	महतमो
चउरो	चउरत्तरो/चउरयरो	चउरतमो
सुक्को	सुक्कत्तरो/सुक्कयरो	सुक्कतमो
लहु	लहुयरो	लहुतमो
पडु	पडुयसो	पडिट्ठो
बहू	भूयसो	भूइट्ठो

तुलनात्मक अवस्थाएं

(v) मूलावस्था (Positivse Degree) देवो लहू अत्थि।

(आ) उत्तरावस्था (Comparative Degree) देवो इंदेण लहू अत्थि।

(इ) उत्तमावस्था (Supuralative Degree) सव्वेसिं पियो लहू बालो।

प्राकृत कीजिए

श्रमण पंच महाव्रत धारण करते हैं, वे तीन गुप्तियों से गुप्त होते हैं। वे मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय ओर योग से रहित विचरण करते हैं। वे गुणस्थान में प्रवेश करते हैं। वे व्रतियों से अधिक श्रेष्ठ हैं। वे निर्ग्रन्थ धर्म का पालन करते हैं। वे उत्तम धर्म मार्ग पर चलते हैं। उन्होंने काय क्लेश का विचार न करते हुए तप किया। उन्हें मोक्षमार्ग प्रिय है। समितियां उनकी चर्या है। उनकी अनुप्रेक्षात्मक दृष्टि है। वे शून्य स्थान पर रहते हैं।

निम्न विशेषण शब्दों का प्रयोग कीजिए

अंधो (अन्धः), अरिहा (अर्हा-योग्य), इट्ठो (इष्ट-प्रिय), उच्छण्णो (उत्सन्न-नष्ट), संपण्णो (सम्पन्न-समाप्त), उज्जु (ऋजु - सरल), एत्तिअ/इत्तिअ (इयत्-इतना), एरिसी (ईदृशी - इस तरह की), कसिणो (कृष्ण-काला, पूर्ण), खर (खर-कठोर), खीण (क्षीण-नाश), णिच्चल (निश्चल), णिल्लज्जो (निर्लज्य-लज्जा रहित), दुक्करो (दुष्कर), मुक्खो (मूर्ख), जेट्ठो (ज्येष्ठ-बड़ा)

संज्ञा शब्द या सर्वनाम के लिंगानुसार विशेषण का प्रयोग किया जाता है। यथा-(पुं.) धवलो मेहो (स्त्री.) धवला साटी (नपुं.) धवलं दुद्धं।

बारह–वाच्य विचार

वाच्य सकर्मक और अकर्मक क्रियाओं के कारण तीन है।

(1) कर्तृवाच्य (Active Voice) – कर्तानुसार प्रयोग – सो महावीरो होइ, सा लेहं लिहइ।

(2) कर्मवाच्य (Passive Voice) – जिसमें कर्म की प्रधानता होती है। यथा – तेणं पढिज्जइ।

(3) भाववाच्य (Impersonal Voice) – भाव की प्रधानता। यथा – तेणं हसिज्जइ।

सामान्य कर्तृवाच्य (सकर्मक क्रिया)	कर्मवाच्य
सो पोत्थअं पढइ – वह पुस्तक पढ़ता है।	तेण पोत्थअं पढिज्जइ – उसके द्वारा पुस्तक पढ़ी जाती है।
तुमं सत्थं पढइ – तू शास्त्र पढ़ता है।	तुए सत्थं पढिज्जसि – तुम्हारे द्वारा शास्त्र पढ़ा जाता है।
अहं पवयणं देमि – मैं प्रवचन देता हूं।	मए पवयणं दाइज्ज – मेरे द्वारा प्रवचन दिया जाता है।

सामान्य कर्तृवाच्य (अकर्मक क्रिया)	भाववाच्य
सो जुज्झइ – वह युद्ध करता है।	तेण जुज्झिज्जइ – उसके द्वारा युद्ध किया जाता है।

तुमं हससि – तू हंसता है। तुए हसिज्जइ – तेरे द्वारा हंसा जाता है।

अहं सयामि – मैं सोता हूं। मए सइज्जइ – मेरे द्वारा सोया जाता है।

कर्मणि रूप

'मुण' - समझना

	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	मुणीअइ, मुणीअए	मुणीअंति, मुणीअंते
	मुणिज्जइ, मुणिज्जए	मुणिज्जंति, मुणिज्जंते
मध्यम पुरुष	मुणीअसि, मुणीअसे	मुणीअह, मुणीइत्था
	मुणिज्जसि, मुणिज्जसे	मुणिज्जह, मुणिज्जित्था
उत्तम पुरुष	मुणीआमि, मुणिज्जामि	मुणीआमो, मुणिज्जामि

भविष्यत् काल

प्रथम पुरुष	मुणीहिइ	मुणीहिंति
मध्यम पुरुष	मुणिज्जिहिसि	मुणिज्जिहिह, मुणिज्जिहित्था
उत्तम पुरुष	मुणिज्जिहिमि	मुणिज्जिहिमो

विधि/आज्ञार्थक

प्रथम पुरुष	मुणीअउ, मुणिज्जउ	मुणीअंतु, मुणिज्जंतु
मध्यम पुरुष	मुणीअहि, मुणिज्जहि	मुणीअह, मुणिज्जह
उत्तम पुरुष	मुणीआमु, मुणिज्जामु	मुणीआमो, मुणिज्जामो

वाच्य– कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य और भाववाच्य।

कर्तृवाच्य-- इसमें कर्ता के पुरुष एवं वचन के अनुसार ही क्रिया, पुरुष तथा वचन का प्रयोग होता है। यथा :– वीरो गच्छइ। जनं उवदेसइ। सो पइदिणं चिंतइ।

कर्मवाच्य--सकर्मक धातुओं में कर्म होता है। क्रिया, पुरुष और वचन कर्म के पुरुष और वचन के अनुसार होते हैं। कर्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा और क्रिया कर्म के अनुसार होती है। यथा :– तुम पोत्थअं पढसि-इस वाक्य का तेण पोत्थअं पाढेविइ।

भाववाच्य :– जिसमें कर्म का अभाव रहता है यथा :–

सो हसइ तेण हासेविइ।

तेरह–पर्यायवाची शब्द

पज्जववाइ – सद्दा	पर्यायवाची शब्द (अनेकार्थी शब्द)
अंग (अङ्ग)	सरीर, देह, भाग, हिस्सा।
अग्गि (अग्नि)	असाल, पावग, वण्हि, सिही, जाला, किसाणु।
अक्ख (अक्ष)	इन्द्रिय, अप्पा, धुरी, आधार, आसय।
अक्खि (अक्षि)	चक्खु, णयण, णेत्त, दिट्ठी, लोयण।
अंधयार (अन्धकार)	तम, तिमिर, तमिस्स।
असुर	दइच्च, दाणव, णिसायर, रयणीयर, रक्खस।
अप्पा (आत्मा)	णाण, जीव, चेयण।
आगम	वचण, पवयण, णिरुवण, परुवणा, सुत्त, गंथ।
आगास (आकाश)	णह, गगण, अंबर, अंतरिक्ख, खे, ठाण, अवगास।
इच्छा	अभिलाषा, कामणा, वंछा, मणोरह, आसा।
